नवमी माँ सिद्धिदात्री

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

विजयादशमी

रांची | 01 अक्टूबर, 2025, बुधवार, वर्ष 10, अंक 341, आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2082, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00




समस्त झारखंडवासियों को
दुर्गा पूजा
एवं
दशहरा
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता

माँ सिद्धिदात्री नवमी

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

विजयादशमी

रांची | 01 अक्टूबर, 2025, बुधवार, वर्ष 10, अंक 341, आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2082, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

# माता रानी की दिव्य आभा से दमक रही रांची

## महाअष्टमी को आस्था का सैलाब उमड़ा

- अष्टमी युक्त नवमी मिलने से हुई संधि पूजा
- आज दिन के 2:36 बजे तक नवमी
- गुरुवार को 2:56 बजे तक दशमी तिथि

अजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सनातनी दुर्गोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग से सराबोर है। राजधानी भव्य दरबार में विराजीं शेरावाली मां के दिव्य स्वरूप से दमक रही है। महाअष्टमी मंगलवार को दूर क्षितिज पर शाम के डलते सूरज की लालिमा आसमां में जैसे ही बिखरी, अंधियारा छाने को हुआ तो एका-एक पूरा शहर रोशन हो गया। रंग-बिरंगी लाइटें जगमगा उठीं। प्रमुख चौक-चौराहो पर लगे तोरण द्वार, विविध प्रसंगो को जीवंत करती विद्युत चलित आकृतियों की मनोहारी छटा से कोना-कोना जगमगा उठा। इंद्र देव की कृपा से मौसम ने भी साथ दिया। दिन चढ़ने के बाद से ही दर्शनार्थियों की कतार से ऐसा प्रतीह हुआ मानो आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा हो। पूजन की थाल लिए सज-संवर कर अष्टमी पूजन को निकली महिलओं से दोपहर बाद तक मंदिरों और पूजा पंडालों में तांता सा लगा रहा। इसके बाद तो हर कदम अष्टभुजी मां के दर्शन को पूजा पंडालों की ओर बढ़ता रहा। सड़के दर्शनार्थियों से पट सी गयीं। भक्ति के मेले में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के क्या कहने। पैदल और छोटे-बड़े वाहनों पर सवार हो मां के दरबार तक पहुंचने कोआतुर भक्तों का उत्साह देर रात तक परवान चढ़ता रहा। भक्तों ने लगे मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया।

# आइएएस अविनाश कुमार बने राज्य के मुख्य सचिव, पदभार ग्रहण किया

- अजय कुमार सिंह को विकास आयुक्त का पदभार
- कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। वह अपने कार्यों के अलावा मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव तथा अपर स्थानिक आयुक्त नयी दिल्ली के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। उधर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह को विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक विभाग ने मंगलवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी। बताते चलें कि वर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी मंगलवार को रिटायर हो गयीं। उनकी जगह 1993 बैच के आइएएस अविनाश कुमार को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। अविनाश कुमार ने मंगलवार शाम को प्रोजेक्ट भवन पहुंचे। वर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी भी वहां आयीं थीं। उन्होंने अलका तिवारी से पद भार लिया। इस मौके पर कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सभी ने अलका तिवारी को विदाई दी और अविनाश कुमार का स्वागत किया।



## मुख्यमंत्री ने अलका तिवारी को दी विदाई अविनाश कुमार को दी शुभकामनाएं



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हो रही वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलका तिवारी को भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर प्रशासनिक क्षमता का परिचय देते हुए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन से राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने में मदद मिली है। उन्होंने सदैव ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य किया। राज्य प्रशासन को एक नयी दिशा दी और प्रशासनिक परंपराओं को मजबूती दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अविनाश कुमार की कार्यकुशलता, दूरदर्शिता एवं प्रशासनिक अनुभव से राज्य प्रशासन को और अधिक मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार की विकास की योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आयेगी। इस अवसर पर नवनियुक्त मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, राज्य के नये विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/सचिव तथा वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### शुभकामनाएं

सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से शारदीय नवरात्र और विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना


शारदीय नवरात्र और विजयादशमी के अवसर पर आजाद सिपाही का कार्यालय 01 और 02 अक्टूबर 2025 को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 04 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का निधन

नयी दिल्ली। भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। मल्होत्रा दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्हों ने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



### मनोहरपुर के छोटानागरा में सारंडा जंगल को वाइल्ड लाइफ सेंचुरी बनाने को लेकर मंत्रियों की आमसभा

# राज्य सरकार जनता की भावनाओं के विपरीत कोई निर्णय नहीं लेगी : राधाकृष्ण किशोर

**सारंडा के छोटानागरा स्थित मचानगुटू मैदान में राज्य सरकार की ओर से गठित विधानसभा स्तरीय समिति ने की जनसुनवाई**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनोहरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के छोटानागरा स्थित मचानगुटू मैदान में मंगलवार को झारखंड सरकार की ओर से गठित विधानसभा स्तरीय समिति की उपस्थिति में एक बड़ी जनसुनवाई हुई। बैठक का उद्देश्य सारंडा को वन्य अभ्यारण (सेंचुरी) घोषित करने के प्रस्ताव पर ग्रामीणों की राय लेना था। इस मौके पर 56 गांवों के हजारों ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, मुंडा-मानकी, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की, जबकि समिति के सदस्य मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक चमरा लिंडा, दीपिका पांडेय सिंह और संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी, विधायक सोनाराम सिंकू, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, जगत माझी, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी सोरेन, उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु और सारंडा डीएफओ अभिरूप सिन्हा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। डीएफओ ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बताया कि ग्रामीणों की राय ही समिति की अंतिम रिपोर्ट का आधार बनेगी।

ग्रामीणों ने सभा में जमीन, वनोपज और पारंपरिक अधिकारों की सुरक्षा, खदानों से रोजगार, विस्थापन की आशंका और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे उठाये। मुखिया लिपि मुंडा, रामेश्वर चांपिया, मंगल सिंह गिलुआ, बामिया माझी, लगुड़ा देवगम और रामो सिद्धू जैसे ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कहा कि सेंचुरी प्रस्ताव पर ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हितों की रक्षा नहीं हुई तो वे सेंचुरी का विरोध करेंगे।

सभा के अंत में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार जनता की भावनाओं के विपरीत कोई



निर्णय नहीं लेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों की राय को सरकार तक पहुंचाया जायेगा और न्यायपालिका के निर्देशों का पालन करते हुए जनहित सर्वोपरि रखा जायेगा।

## मां सिद्धिदात्री



देवी के नौंवे रूप को सिद्धिदात्री कहा जाता है। देवी महागौरी आपको भौतिक जगत में प्रगति के लिए आशीर्वाद और मनोकामना पूर्ण करती हैं, ताकि आप संतुष्ट होकर अपने जीवनपथ पर आगे बढ़ें। माँ सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्या अर्थ है? सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है झ्र विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र से ही, बिना किसी कार्य किए आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना, यही सिद्धि है। आपके वचन सत्य हो जाएँ और सबकी भलाई के लिए हों। आप किसी भी कार्य को करें वह सम्पूर्ण हो जाए झ्र यही सिद्धि है। सिद्धि आपके जीवन के हर स्तर में सम्पूर्णता प्रदान करती है। यही देवी सिद्धिदात्री की महत्ता है।

**माँ सिद्धिदात्री की पूजा में कौन से मन्त्र का जप करें?**
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं सिद्धिदात्र्यै नमःझ्र के जप से आप माँ दुर्गा के नौवें स्वरुप माँ सिद्धिदात्री की पूजा कर सकते हैं ।

## अमित गुप्ता की संपत्ति कुर्क

रांची (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशलय (इडी) ने कोलकाता और हावड़ा में 15.41 करोड़ रुपये मूल्य की 10 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ये संपत्तियां अमित गुप्ता की हैं, जो बड़े पैमाने पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) धोखाधड़ी सिंडिकेट के मास्टरमाइंडों में से एक है। ये संपत्तियां पीएमएलए, 2002 के तहत उसके सहयोगियों के खिलाफ हैं। इस मामले में कुल कुर्की राशि 20.70 करोड़ रुपये (लगभग) है।

ENFORCEMENT DIRECTORATE

# राज्यपाल, हेमंत और बाबूलाल ने दुर्गा अष्टमी की दी शुभकामनाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुर्गा अष्टमी की समस्त राज्यवासियों को शुभकामनायें दी हैं। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप सभी को दुर्गा अष्टमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मां महागौरी का आशीर्वाद सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लायें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मां महागौरी सभी की मनोकामना पूर्ण करें। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई दी है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी के चरणों में नमन करता हूं। माता रानी सबका कल्याण करें।

# रांची के प्रख्यात व्यवसायी केके पोद्दार का निधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजधानी के प्रख्यात व्यवसायी कृष्ण कुमार पोद्दार (केके पोद्दार) का मंगलवार को निधन हो गया। मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे पिछले कई दिनों से बीमार थे। केके पोद्दार राजधानी रांची के प्रमुख व्यवसायियों में से एक थे। वे झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के दो बार अध्यक्ष भी रहे। वे अपने पीछे तीन पुत्र बसंत पोद्दार, हेमंत पोद्दार और शिशिर पोद्दार सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। केके पोद्दार के निधन से राज्य के व्यवसाय जगत में शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा एक अक्टूबर को उनके बरियातू स्थित पोद्दार निकेतन से हरमू स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# गोलमुरी में युवक की गला रेतकर हत्या

### तंत्र-मंत्र की आशंका में दोस्त पर मर्डर करने का आरोप, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित गाढ़ाबासा बस्ती में सोमवार देर रात 19 वर्षीय अजय बासा उर्फ डांटू की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी और तनाव फैल गया है। पुलिस ने मृतक के मित्र संदीप को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर तंत्र-मंत्र में हत्या करने की आशंका का आरोप है।

**तांत्रिक गतिविधियों में अजय की हत्या :** मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने संदीप पर आरोप लगाया है कि वह तांत्रिक गतिविधियों में लिप्त रहता था। उसने ही तंत्र-मंत्र के चक्कर में अजय की हत्या की है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर हंगामा भी किया।



फाइल फोटोः अजय बासा

**घर का इकलौता बेटा था अजय**

मृतक अजय अपने घर का इकलौता बेटा था। कुछ दिन पहले ही उसके पिता का निधन हुआ था, जिससे परिवार पहले से ही गहरे दुख में था। बेटे की हत्या से मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार, अजय देर रात अपने मित्र संदीप के साथ घर से निकला था। कुछ घंटों बाद उसकी खून से लथपथ लाश गाढ़ाबासा में मिली।

# सारंडा जंगल का हो रहा दोहन, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से खुली पोल : प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में एशिया के सबसे बड़े साल वन (सारंडा जंगल) का आयरन ओर का माफियाओं ने जमकर दोहन किया, जिससे पूरे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब सरकार की नींद टूटी है और सारंडा को अभयारण्य घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि करीब 82,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह जंगल कभी 300 से अधिक पौधों और 253 हाथियों की प्रजातियों का घर था, लेकिन खनन माफियाओं की लूट से स्थिति भयावह हो गयी। अब मुश्किल से 87 पौधों की प्रजातियां, 116 पक्षी और हाथियों का परंपरागत रास्ता ही बचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन से नदियां-झरने लाल पानी बहा रहे हैं, आदिवासी इलाके में बीमारियां बढ़ी हैं और गर्मी की लहरों की मार तेज हो गयी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने जानबूझकर खनन कंपनियों और माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी की। उन्होंने मांग की कि सारंडा जंगल में हुए अवैध खनन की उच्चस्तरीय जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई की जाये और इस क्षेत्र को वास्तविक रूप से नो-गो जोन घोषित किया जाये।

### झामुमो के जल, जंगल, जमीन के संघर्ष की ताकत से बिखरी भाजपा

# भाजपा झूठ और भ्रामक आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही : विनोद पांडेय

**सारंडा संरक्षण के लिए हेमंत सोरेन सरकार प्रतिबद्ध**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के आरोपों को नकारते हुए कहा कि भाजपा झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। सारंडा जंगल को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए हेमंत सरकार ने मंत्री समूह का गठन कर दिया है। आज से ही मंत्री समूह ने सारंडा में सामाजिक-आर्थिक अध्ययन कार्य शुरू कर दिया है, ताकि इस जंगल को जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की दृष्टि से सुरक्षित और संरक्षित किया जा सके। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि झारखंड में अवैध खनन की जड़ें उन्हीं की सरकार के कार्यकाल में पड़ी थीं। पूरे देश को मालूम है कि किस तरह केंद्र में भाजपा की सरकार और राज्य में उनकी पिछली सरकारों ने कॉरपोरेट घरानों और खनन कंपनियों को संरक्षण देकर जंगल-जमीन को लूटा। हकीकत यह है कि भाजपा के संरक्षण में खनन माफिया सबसे अधिक फले-फूले और पर्यावरण की सबसे ज्यादा क्षति उसी दौरान हुई। भाजपा की ऐसी सरकार से परेशान होकर



जानता ने हेमंत सोरेन को लगातार दूसरी बार बहुमत दिया है। हेमंत सरकार की नीति और नियत के कारण दूसरी बार दो तिहाई बहुमत का आशीर्वाद जानता ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व को दिया। इससे साबित हो गया कि हर वर्ग की जनता का भरोसा, उम्मीद हेमंत सोरेन से जुड़ा है।

प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल में न सिर्फ खनन गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण किया है बल्कि पर्यावरणीय मानकों को सख्ती से लागू करने के लिए नियम बनाये हैं। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए झारखंड सरकार ने सारंडा को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने की प्रक्रिया तेजी से शुरू की है और अब कोई भी कंपनी बिना सभी मानकों को पूरा किये यहां खनन नहीं कर सकेगी। दूसरी तरफ वन राज्य का वन आवरण राष्ट्रीय औसत 33 फीसदी से ज्यादा हो गया है। विनोद पांडेय ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने दशकों तक जंगल, जल और जमीन को कॉरपोरेट के हवाले कर दिया, आज वे ही मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं।

झामुमो महासचिव ने कहा कि हेमंत सरकार की प्राथमिकता आदिवासियों और मूलवासियों के हितों की रक्षा करनी है। सारंडा के जंगल को बचाने के लिए सरकार नीतिगत रूप से प्रतिबद्ध है। मंत्री समूह की टीम स्थानीय समुदायों से भी संवाद करेगी और एक व्यापक कार्ययोजना बनाकर सारंडा को अभूतपूर्व रूप में सुरक्षित, संरक्षित, संवर्धित करेगी।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह भाजपा में लौटे

**कहा, जातिवादियों के दिल पर सांप लोट गया**

**अमित शाह-कुशवाहा संग फोटो डाली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपर स्टार पवन सिंह की भाजपा में वापसी हो चुकी है। मंगलवार को बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा है कि पवन सिंह भाजपा में थे और रहेंगे। पवन सिंह की दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री मंत्री अमित शाह से 30 मिनट तक मुलाकात की। इस दौरान पवन सिंह ने शाह को गमछा दिया। इसके बाद वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिलने पहुंचे। उन्होंने नड्डा को शॉल भी भेंट की। मुलाकात के बाद पत्रकारों ने पवन सिंह से बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। हाथ जोड़कर वो आगे निकल गये।

पवन सिंह ने मुलाकात के बाद अमित शाह और उपेंद्र कुशवाहा के साथ फोटो शेयर कर फेसबुक पर लिखा कि जातिवादी राजनीति के पोषकों के दिल पे आज ई फोटो देख के सांप लोट रहा होगा। लेकिन जिनके दिल में विकसित बिहार का सपना बसता है, वो कब तक एक दूसरे से दूर रह सकते हैं। आज हमारे गृह मंत्री अमित शाह और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात हुई। उन्होंने दिल से आशीर्वाद दिया। मोदी जी और नीतीश जी के सपनों का बिहार बनाने में आपका बेटा पवन पूरा पावर लगायेगा।

# झारखंड के चार निजी विश्वविद्यालयों को यूजीसी ने डिफॉल्टर घोषित किया

**रांची, कोडरमा और हजारीबाग में हैं विश्वविद्यालय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने अनिवार्य संस्थागत डेटा जमा करने में विफल रहने और अपनी वेबसाइट पर आवश्यक सार्वजनिक खुलासे नहीं करने के लिए यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 13 के तहत एमिटी विश्वविद्यालय, रांची को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। इसके अलावा एमिटी एएसआइसीची यूनिवर्सिटी (हजारीबाग), कैपिटल यूनिवर्सिटी (कोडरमा) और साईं नाथ यूनिवर्सिटी (रांची) को भी डिफॉल्ट सूची में डाला गया है। यह कदम निजी उच्च शिक्षा में पारदर्शिता पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करता है।

यूजीसी के अनुसार, वर्तमान में भारत भर में कुल 54 राज्य निजी विश्वविद्यालयों को गैर-अनुपालन के लिए डिफॉल्टर के रूप में नामित किया गया है। झारखंड लगभग 18 राज्य निजी विश्वविद्यालय हैं। इनमें से चार को अब संस्थागत पारदर्शिता और प्रकटीकरण पर यूजीसी के दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहने के कारण निलंबित कर दिया गया है। यूजीसी ने कहा है कि इमेल और ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से कई अनुस्मारक के बावजूद, डिफॉल्ट विश्वविद्यालयों ने कई काम नहीं किये हैं। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने इस बात पर जोर दिया कि चूक करने वाले संस्थानों के निर्देश में यूजीसी को प्रस्तुत करना और वेबसाइट प्रकटीकरण दोनों शामिल हैं। यदि विश्वविद्यालय गैर-अनुपालन करते हैं तो आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

# महाष्टमी पर धन, सुख और ऐश्वर्य की देवी मां महागौरी की हुई पूजा-अर्चना, महानवमी आज







आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में मंगलवार को महाष्टमी पर धन, सुख और ऐश्वर्य की देवी मां महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। महाअष्टमी की पूजा अर्चना के बाद 1:45 पर संधि बलि सहित कई धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित द्वारा संपन्न कराए गये। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस बार पूजा पंडालो के अंदर बेहतरीन सजावट के बीच मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजा पंडालों के अंदर और बाहर और रंग बिरंगे विद्युत बल्बो से बेहतरीन ढंग से साज सजावट की गई है। सभी ओर मां दुर्गा के वैदिक मंत्रो और भक्ति गीतो से क्षेत्र गूंज रहे हैं। कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाको का वातावरण दुर्गामय बना हुआ है। साथ ही दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर भक्तो मे उमंग और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिले में विभिन्न मंदिरो के थीम पर पंडाल बने है। जो देखते ही बन रहा है।

## महा अष्टमी पूजा को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**गोला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया है। मंगलवार को महाअष्टमी पूजा को लेकर दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महाअष्टमी पूजा को लेकर मंदिरों में प्रसाद चढ़ाया और पूजा-अर्चन की। जगह जगह पूजा पंडालों में हवन पूजन की भी व्यवस्था की गयी थी। क्षेत्र के गोला, हेमतपुर, सोसो कलां, बे टूल कलां, पतरातू, चक्रवाली, हुप्पू कुस्टे गढ़ा आदि गावों में भक्तिभाव से पूजा अर्चना की गयी। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर हेमतपुर के पुजारी खिरोधर तिवारी ने बताया कि शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि को दुर्गाष्टमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। महागौरी माता अन्नपूर्णा स्वरूप मानी जाती हैं और अपने भक्तों को हर प्रकार के कष्ट से मुक्ति प्रदान करती हैं। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि को दुर्गाष्टमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। महागौरी माता अन्नपूर्णा स्वरूप मानी जाती हैं और अपने भक्तों को हर प्रकार के कष्ट से मुक्ति प्रदान करती हैं।

## श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर की सुख समृद्धि की कामना



**मांडू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के मांडू चट्टी, मांडू डीह, पुंडी, बोंगाहारा, बलसगरा, गरगाली सहित अति प्राचीन शिव मंदिर (मनोकामना बाबा) में शारदीय नवरात्र के नौवें दिन दुर्गा महाअष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। श्रद्धालुओं ने आठ दिनों तक मां के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की। मंगलवार को मांडू के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों सहित सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। थाना क्षेत्र के गरगाली स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। मंदिरों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## महाअष्टमी को लेकर रजरप्पा के विभिन्न मंदिरों में उमड़ी भीड़

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महाअष्टमी पर जगत जननी आदिशक्ति दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का महाअष्टमी को लेकर विभिन्न दुर्गा मंदिरों में विधि विधान से मंदिर के पुजारियों द्वारा पूजा-अर्चना कराया गया, सुबह 10:00 से दोपहर तक पूजा-अर्चना को लेकर दो पहर तक दुर्गा मंदिरों में भक्तों की रही भीड़, शारदीय नवरात्र दुर्गा-पूजा में महाअष्टमी तिथि को आदिशक्ति मां महागौरी की पूजा को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। मां भगवती महागौरी के वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ पूरा क्षेत्र गूंजायमान हुआ भक्ति के भाव में विभोर श्रद्धालु मंदिरों में जाकर मां दुर्गा की आराधना और कामना किया पूजा अर्चना को लेकर पूरे क्षेत्र में काफी चहल-पहल बना रहा। दुलमी प्रखंड के सिरु, दुलमी, सिकनी, होहद, कोरचे, सोसो, उसरा, जमसिंग, चटाग, कुल्ही होन्हे, प्रियांतु बोंगासोरी, हरहद कंडेर, बोरोबिंग



सहित कई दर्जन गांवों में महा अष्टमी पर मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी और आदिशक्ति मां से भक्तों ने सुख समृद्धि के लिए कामना की।

## गोला के अलावे अन्य पांच गांव में होगा रावण दहन कार्यक्रम

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र में इस बार दुर्गा पूजा के दशमी में डीभीसी चौक के अलावे कुस्टेगढ़ा, बरियातू जांगी, कोराम्बे, बंदा में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित है। इससे पहले डीभीसी चौक में रावण दहन का कार्यक्रम होते आया है। बताया गया कि डीभीसी चौक में जगह कम होने के कारण लोगों को काफी असुविधा होती है। जिसके कारण अन्य गावों में भी रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। रावण दहन कार्यक्रम में प्रशासन सक्रिय रूप से अपनी भूमिका अदा करेगी। इसकी तैयारी की गयी है।

## पूर्व जिप अध्यक्ष ने दुलमी पूजा पंडाल का किया दौरा

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्र के अवसर पर मंगलवार को पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा किया। वही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के सौजन्य से पूजा समिति को सहयोग राशि भी सौंपा गया। इस संबंध में मां दुर्गे की प्रतिमा का उन्होंने दर्शन किया और माता रानी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की, शांति, उन्नति के लिए माता रानी से कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते पार्टी के केंद्रीय सचिव और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने दुर्गा पूजा की बधाई दी। मौके पर जिला सहसचिव राजकिशोर महतो, रवि महतो, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, अशोक महतो, प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सचिव सुरेश पटेल आजसू छात्र संघ अध्यक्ष अनिल इग्नेश, सीडी महतो, रविंद्र कुमार महतो, परमेश्वर राम पटेल, सुदल नाथ महतो, मनीष चौधरी, मछिंद्र महतो, गोपाल महतो, दीपेन टाइगर, बालकृष्ण ओहदार, प्रकाश रंजन, बैजनाथ ओहदार, चिरंजीव कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

आम सूचना

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 2678 (ई). दिनांक 6 जून 2023 और एनएच शुल्क नियम 2008 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए उपयोगकर्त्ता शुल्क की निम्नलिखित दरें 01.10.2025 से सुबह 0:00 बजे से प्रभावी होंगी। एनएच 39 (पुराना एनएच–75) के संखा से खजुरी राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के उपयोग के लिए गढ़वा जिले (झारखंड) में खंड के डिजाइन किमी 203.000 पर स्थित गढ़देवी शुल्क प्लाजा पर।

| वाहनों का प्रकार | एकल यात्रा के लिए शुल्क | एक दिन में एक बार आने जाने के लिए शुल्क की राशि | शुल्क भुगतान करने वाले के यातायात (मासिक पास) स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के अलावा, उस जिले में पंजीकृत जहां प्लाजा स्थित है। | शुल्क भुगतान यातायात (उस जिले में पंजीकृत) स्थानीय वाणिज्यिक जहां प्लाजा स्थित है। |
|---|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन या हल्का मोटर वाहन | 55 | 85 | 1900 | 30 |
| हल्का वाणिज्यिक वाहन हल्का माल वाहन या मिनी बस | 90 | 140 | 3065 | 45 |
| बस या ट्रक (दो एक्सल) | 195 | 290 | 6425 | 95 |
| वाणिज्यिक (तीन एक्सल) वाहन | 210 | 315 | 7010 | 105 |
| एचसीएम या ईएमई या एमएवी (चार से छह एक्सल) | 300 | 455 | 10080 | 150 |
| बड़े आकार के वाहन (7 या अधिक एक्सल) | 370 | 550 | 12270 | 185 |

शुल्क दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 लागू
नोटः वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शुल्क प्लाजा से 20 किमी. तक की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिए मासिक पास शुल्क रू० 340.00 रूपये होगी।
कॉलम 6 में उल्लिखित शुल्क दर एकल यात्रा के लिए है और यह उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनों को छोड़कर) के लिए लागू है, जहां शुल्क प्लाजा स्थित है।
परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा. प.का.ई. डाल्टनगंज
सड़के ही नही, राष्ट्र का निर्माण भी



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

पुतरू टोल प्लाजा पर 01.10.2025 से प्रारम्भ उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) की सार्वजनिक सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–33 (नाया एनएच–18) के किमी 233.350 से किमी 277.500 (जमशेदपुर–महुलिया खंड) निर्मित खंड के उपयोग के लिए पुतरू टोल प्लाजा (चैनेज किमी 274.500, ग्राम–पुतरू, जिला–पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर) पर उपयोगकर्ता शुल्क दिनांक 01.10.2025 (00:00 बजे) से निम्न दरों पर प्रारम्भ होने जा रहा है:

| वाहनों की श्रेणी | एकल यात्रा (रू0) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा (रू0) | मासिक पास का शुल्क एक माह में 50 एकल यात्रा (रू0) | शुल्क के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा शुल्क (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहन | 65 | 100 | 2240 | 35 |
| हल्के वाणिज्यिक यान, हल्के मालवाहन यान या मिनी बस | 110 | 165 | 3620 | 55 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 230 | 340 | 7590 | 115 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक यान | 250 | 375 | 8280 | 125 |
| भारी संन्निर्माण मशीनरी, अर्थ मूविंग उपस्कर और बहुधुरीय यान (4 से 6 धुरी) | 355 | 535 | 11900 | 180 |
| अधिक बड़ें आकार वाले यान (सात अथवा इससे अधिक धुरी) | 435 | 650 | 14490 | 215 |

टिप्पणीः टोल प्लाजा के 20 किमी. के दायरे में रहने वाले लोगों के स्थानीय गैर– व्यसवसायिक वाहनों के मासिक पास की दर 340/– रू. होगी
परियोजना निदेशक
प.का.ई.– रांची, झारखंड–834002
सड़के ही नही, राष्ट्र का निर्माण भी


## डीएमएफटी फंड निकालने के लिए हरियाणा की कंपनी ने शिक्षा विभाग में लगा दिया फर्जी सर्टिफिकेट

**डीइओ ने धूरिना वेंचर्स की प्रतिनिधि कौशेन परवेज और स्मृति पर दर्ज की प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के शिक्षा विभाग में डीएमएफटी स्कीम का पैसा निकालने के लिए मेसर्स धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा के प्रतिनिधियों ने फर्जी सर्टिफिकेट लगा दिया। यह मामला तब उजागर हुआ जब वह छात्र सामने आया जिसने धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड से पढ़ाई नहीं करने का दावा किया। फर्जीवाड़ा जब सामने आया तो शिक्षा विभाग ने सबसे पहले कंपनी को अपना निशाना बनाया। डीईओ नीलम कुमारी ने हरियाणा की कंपनी मेसर्स धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि कौशेन परवेज और स्मृति को इस मामले में अभियुक्त बनाया है। रामगढ़ थाने में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि वर्ष 2023 में जेईई और एनईईटी के लिए 100 छात्रों का नामांकन कोचिंग में कराया गया था। कोचिंग सेंटर में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में से कम से कम 10 प्रतिशत छात्राओं का जेईई और एनईईटी प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से सफल होना अनिवार्य था। तभी स्वीकृत राशि का भुगतान किया जाना था। इस मामले रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 271/25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। डीडीसी कार्यालय के माध्यम से आरटीआई कार्यकर्ता सुभाष सुंदरम द्वारा उदित्य राज पांडे का एक शपथ पत्र भेजा गया। जिसमें छात्र द्वारा में धूरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड में नामांकन से इनकार करने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा सुभाष सुंदरम द्वारा कई संगीन आरोप भी संस्था पर लगाए गए हैं, जिसकी विभागीय जांच हो रही है। उदित्य राज पांडे के पिता संजय कुमार पांडे ने विभाग को बताया कि उनके पुत्र का इस संस्थान से कभी भी कोई संबंध नहीं रहा है।

## नवमी के दिन बाइक और अन्य वाहनों का उपयोग न करें: सदर थाना प्रभारी



**चतरा(आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के उद्देश्य से चतरा सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने शहरवासियों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि नवमी के दिन पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। ऐसे में जाम और अव्यवस्था से बचने के लिए लोग बाइक और अन्य वाहनों का उपयोग न करें और पैदल ही माता का दर्शन करने जाये। थाना प्रभारी ने बताया कि पूजा के दौरान प्रशासन ने पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की है, ताकि शहर की ट्रैफिक प्रणाली प्रभावित न हो। उन्होंने लोगों से प्रशासन को सहयोग करने और शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने की अपील की। शहरवासियों ने सदर थाना प्रभारी और पुलिस प्रशासन की इस पहल पर खुशी जाहिर किया है। शहरवासियों का कहना है कि पुलिस की इस पहल से माता का दर्शन करने वाले भक्तों को काफी सहुलियत होगी। खासकर महिलाओं और बच्चों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही दर्शन के नाम पर मोटरसाइकिल पर सवार होकर भीड़- भाड़ में शरारत करने वाले मनचलों पर अंकुश लगेगा।


भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

सार्वजनिक सूचना

मदनगुण्डी टोल प्लाजा पर 01.10.2025 से प्रारम्भ उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) की सार्वजनिक सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 31 के किमी 0.000 से किमी 27.500 (बरही से कोडरमा) के नवनिर्मित खंड के उपयोग के लिए मदनगुण्डी टोल प्लाजा (चैनेज किमी 12.300 ग्राम मदनगुण्डी, जिला– कोडरमा) पर उपयोगकर्ता शुल्क दिनांक 01.10.2025 (00:00:00 बजे) से निम्न दरों पर प्रारम्भ होने जा रहा है:

| वाहनों की श्रेणी | एकल यात्रा (रू०) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा (रू०) | मासिक पास का शुल्क एक माह में 50 एकल यात्रा (रू०) | शुल्क के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा शुल्क (रू०) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 45 | 70 | 1515 | 25 |
| हल्के वाणिज्यिक यान, हल्के माल वाहन यान या मिनी बस | 75 | 110 | 2450 | 35 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 155 | 230 | 5130 | 75 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक यान | 170 | 250 | 5595 | 85 |
| भारी संन्निर्माण मशीनरी, अर्थ मूविंग उपस्कर और बहुधुरीय यान (4 से 6 धुरी) | 240 | 360 | 8045 | 120 |
| अधिक बड़े आकार वाले यान (सात अथवा इससे अधिक धुरी) | 295 | 440 | 9790 | 145 |

टोल प्लाजा के 20 किमी. के दायरे में रहने वाले लोगों के स्थानीय गैर–व्यावसायिक वाहनों के मासिक पास की दर 340/–रु. होगी। परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, कनहरी हील रोड, हजारीबाग, झारखण्ड–825301, टेलीफोन नं०: 065446–270040, ईमेल : piuhazaribagh@nhai.org/nhaipiuhazaribagh@gmail.com
सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


## सिदो-कान्हु मैदान में रावण दहन समारोह की तैयारी जोरशोर से, पुतला बनाने में दिनरात जुटे कारीगर

**110 फीट का रावण, 90 फीट कुम्भकर्ण और 85 फीट का मेघनाथ होगा आकर्षण का केंद्र**

**रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे सांसद चन्द्रप्रकाश चैधरी और मनीष जयसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** विजयादशमी के अवसर पर दो अक्टूबर को रावण दहन समारोह की तैयारी सिदो-कान्हु मैदान बाजार टांड़ में अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को और भी बड़ा और भव्य बनाने के लिए 110 फीट का रावण, 90 फीट कुंभकर्ण और 85 फीट का मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है। जिसे बिहार के कारीगर द्वारा तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के अध्यक्ष सह विधायक रोशन लाल चौधरी और सचिव महावीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयनका के नेतृत्व में हो रही है।

**रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे गिरिडीह सांसद और हजारीबाग सांसद :** सांसद चन्द्र प्रकाश चैधरी और सांसद मनीष जयसवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जबकि विधायक बडकागांव रोशन लाल चौधरी, डीसी फैज अक अहमद मुमताज, एसपी अजय कुमार समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। जबकि आमंत्रित अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) चंदन कुमार वत्स और कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अजमल हुसैन होंगे।

### कार्यपालक अधिकारी ने लिया कार्यक्रम की तैयारी का जायजा

सोमवार की देर शाम नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी अजमल हुसैन ने सिदो-कान्हु मैदान पहुंचे। जिसके बाद कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति पदाधिकारी से मुलाकात की। कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली। साथ ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कैसे किया जाये इसको लेकर विचार विमर्श किया। श्री हुसैन ने वाहनों के पार्किंग स्थल को लेकर जानकारी हासिल किया। सभी पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि कार्यक्रम में किसी भी तरह की कोई परेशानी और समस्या नहीं होने दी जायेगी। साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मी मंगलवार से ही अपना काम शुरू कर देंगे।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सार्वजनिक दशहरा और सूरज और समिति के अध्यक्ष सह विधायक रोशनलाल चौधरी, सचिव महावीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयंनका, उपाध्यक्ष गंगा भगत, रविंद्र सिंह छाबड़ा (बिट्टी), धर्मेन्द्र साव भोपाली, मुख्य संरक्षक युगेश बेदिया, मनोज महतो, छोटू सिंह, सह सचिव दिनेश स्टील, राकेश गुप्ता, दिनेश शर्मा, अनुज मित्तल, अभिमन्यू कुशवाहा, अरुण अग्रवाल, पकज वर्णवाल, कुलदीप वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजेश महतो, अजय पांडेय, नरेश महतो दीपक साव, सतीश कुशवाहा, करमजीत सिंह 'जग्गी' संतोष ट्रेडर्स, अंकित अग्रवाल, अमित कुमार दास, बीरू सिंह, रंजीत कुमार, मनीष गोयल, राजेन्द्र महतो, टिंकू कुशवाहा, आनंद चौधरी, जय प्रकाश मानकी, कैलाश रजक, धीरज साव, नीतिश कुशवाहा, पप्पू, बबलू कुमार, अमित कुमार, अणु चंन्द्रवशी, मनोज कुमार महतो आदि शामिल हैं।


NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

Rate of user fee at Toll Plaza Navasari
(Km. 232.385) near village Navasari in district Giridih on NH-114A

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Navasari (Km.232.385) near village Navasari in district Giridih for the stretch from KM. 216.000 to Km 244.482 of NH-114A in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.10.2025.

| Category of Vehicles | Fee for single journey (in Rs.) | Fee for return journey within a day (in Rs.) | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month (in Rs.) | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 25 | 35 | 770 | 10 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 35 | 55 | 1245 | 20 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 80 | 115 | 2610 | 40 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 85 | 130 | 2845 | 45 |
| HCM or EME or MAV (four to six axles) | 125 | 185 | 4090 | 60 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 150 | 225 | 4980 | 75 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 340/-.
Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad
Building a Nation, Not Just Roads

# महाअष्टमी पर पूजा-अर्चना के लिए उमड़े श्रद्धालु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** महादानी मंदिर परिसर में श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा में मंगलवार को शारदीय नवरात्र मनाते हुए महाअष्टमी के अवसर पर परिसर में बने पंडाल व दुर्गा मंदिर में स्थापित मां भगवती के आठवें रूप मां महागौरी की उपासना कर मां दुर्गा की आराधना की गई। जहां श्रद्धालुओं ने अपनी सुख शांति के लिए मां से वरदान मागा।

वहीं पुजारी सुबल देवघरिया के नेतृत्व में यजमान नितेश देवघरिया व साधन कुमार राय को पूरे विधि विधान से मां महागौरी की पूजा कराई। वहीं महिलाओं व पुरुषों ने अष्टमी उपवास रख कर मां महागौरी की पूजा की।

वहीं दुर्गा पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रामचरितमानस नवाह्न, दुर्गा सप्तशती के पाठ, भक्ति गीत की गूंज व पूजन तथा आरती से बेड़ो का माहौल भक्तिमय हो गया है। वही महाअष्टमी के अवसर पर संधि बलि दी गयी। बुधवार को नवमी के अवसर पर देवी मंडप में बकरे की बलि दी जायेगी और रात्रि में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया है। जबकि गुरुवार को विजय दशमी के दिन महिलाएं सिंदूर खेलेंगी साथ ही भक्ति जागरण व महादानी मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रंगीन आतिशबाजी के बीच होगी। इधर प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी, घाघरा, ईटा चिल्द्री, मुरतो, दिघिया एवं तुको में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।

# इटकी में जमीनदार के वशंज आज भी करते हैं सभी परंपराओं का निर्वहन

**प्रदीप कुमार**



**इटकी (आजाद सिपाह)।** इटकी में दुर्गा पूजा का इतिहास सदियों पुराना है। दो सौ वर्षों से भी अधिक समय से यहां जमींदार के वंसजों द्वारा दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इटकी के भुतपूर्व जमींदार एनी नाथ साय ने 18 वीं सदी के प्रारंभिक काल में दुगार्पूजा की शुरआित की थी। इसके बाद से ही जमींदार के वंशज आस्था के साथ इस धार्मिक परंपरा का भक्तिभाव और उल्लास के साथ निर्वहन करते आ रहे हैं। जमींदार के वंसजों में वर्तमान के (पांचवीं पीढ़ी) के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव के अनुसार परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष यहां दुगार्पूजा के आयोजन में भैंसे और पाठा की बलि दी जाती है।

श्री शाहदेव ने बताया कि उनके पूर्वजों में एनी नाथ साय को विवाह के कई वर्षों तक पुत्ररत्न की प्राप्ति नहीं हुई, तब उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए मां भवानी के शरण में जाकर उनकी अराधना करते हुए पुत्र प्राप्ति की कामना की थी। उन्होंने मां दुर्गे से मन्नत मांगते हुए पुत्र की प्राप्ति होने पर दुर्गापूजा मनाने का संकल्प लिया था। इसके बाद मां की कृपा से उनकी कामना पूरी हो गयी, उन्हें वरदान स्वरुप एक पुत्र का जन्म हुआ। फलस्वरूप जिसका नाम दुर्गा नाथ साय रखा गया। इसके बाद संकल्प के अनुसार उन्होंने दुर्गाबाड़ी में प्रतिमा स्थापित कर दुगार्पूजा की शुरुआत की, तब से आज तक इटकी ठाकुर बाड़ी में मां दुर्गा की अराधना के साथ ही धुमधाम के साथ दुर्गोत्सव मनाया जाता है।

विजयदशमी को शिकार खेलने की है परंपरा आज भी कायम है। दशहरा के मौके पर जमींदार के वंसजों द्वारा शिकार खेलने की परंपरा का निर्वाह किया जाता है। स्थानीय लागों के सहयोग से जमींदार के वंसजों द्वारा प्रतिमा विसर्जन के बाद निलकंठ का दर्शन के साथ ही राजशाही ठाठ में गाजे बाजे के साथ त्रिविंधा नामक स्थल पर पहुंच कर शिकार खेलने की रस्म अदा की जाती है। यहां से वापसी के बाद महिलाएं उनकी आरती उतारती हैं और पुरोहित उनके माथे पर चंदन का टीका लगा कर उत्तराधिकारी राज्याभिषेक करते हैं। इसके पाश्चात राजदरबार का भी आयोजन किया जाता है। इसमें शामिल ग्रामीणों को जमींदार पानबट्टी देकर आर्शिवाद देते हैं। इसके बाद बड़ों के पैर छूकर लोग गोड़लग्गी प्रथा का अनुश्रण करते हैं। प्रखंड में चार स्थलों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है।

इटकी प्रखंड में दुर्गाबाड़ी के अलावा सार्वजनिक पूजा समिति बनिया टोली द्वारा वर्ष 1984 से महावीर चौंक में जबकि 1986 से इटकी मोड़ के दुगार्पूजा समिति द्वारा प्रतिमा स्थापित पूजा किया जाता है। गढ़गांव वस्ती में सदियों से दुर्गापूजा होती आ रही है।

# डीएसपी ने किया पाकलमेड़ी में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड के पाकलमेड़ी गांव में स्थापित श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा के भव्य पंडाल का सोमवार की रात बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम के द्वारा फीता काटकर और दीप जलाकर उद्घाटन किया गया। मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम ने सभी श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं व बधाई दीं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शांति और सद्भाव के साथ इस पर्व को मनाएं। डीएसपी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र के सदस्यों ने मिलकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया है, जो निश्चित रूप से प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और एकता का संदेश फैलता है। विशिष्ट अतिथि मारुति मंगल परिवार के अध्यक्ष बिक्रम महतो ने कहा कि दुर्गा पूजा का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह नारी शक्ति का सम्मान करने का यह पर्व है। उन्होंने समाज में महिलाओं के योगदान और उनके सशक्तिकरण पर जोर दिया। साथ ही कहा की पाकलमेड़ी में इतनी भव्यता के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन होना यह दशार्ता है कि यहां के लोग अपनी संस्कृति से कितना गहरा लगाव रखते हैं। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष नवदीप कुमार महतो ने बताया कि इस वर्ष पंडाल को विशेष रूप से सजाया गया है और मां दुर्गा की प्रतिमा भी अत्यंत मनमोहक है। उन्होंने कहा कि समिति ने सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा है ताकि सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मां के दर्शन कर सकें। इस दौरान पाकलमेड़ी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उद्घाटन के बाद, सभी ने एक-दूसरे को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं और प्रसाद ग्रहण किया। पाकलमेड़ी का दुर्गा पूजा पंडाल अब भक्तों के दर्शन के लिए खुला है, और आने वाले दिनों में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इस भव्य आयोजन से क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है। अभिनव महतो, सुजीत महतो, रंथा उरांव, उपेंद्र महतो, बबली, नीरा देवी, सुमन, पूजा, नीलम ने विधिवत पूजा किया। पूजा को सफल बनाने में सुनील कुमार, पवन महतो, प्रदुम महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, अजित कुमार, पंकज कुमार महतो एवं संरक्षक नन्दलाल महतो, वासुदेव महतो, राजू महतो, छेदू महतो, कमल महतो, कृष्णा महतो, प्रवीण महतो, केश्वर महतो आदि शामिल हैं।

# जैलेंद्र कुमार ने पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा से मांगी आशीष





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** भाजपा रांची ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष और जसपुरिया बीएड कॉलेज के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार ने मंगलवार को कई पूजा पंडालों का दौरा कर मां दुर्गा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित कर झारखंड की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। जैलेंद्र कुमार सबसे पहले ओरमांझी के आनंदी गांव, कुकुई गांव में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया इसके बाद कांके के भांट बोड़िया गांव में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। फिर पहुंचे नामकुम सदाबहार चौक में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद हटिया के नगड़ी में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया।

## श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति, देवी मंदिर का पंडाल विशेष आकर्षण का केंद्र बना



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र पर पिठोरिया प्रखंड अंतर्गत बालू गांव स्थित श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति, देवी मंदिर का विशेष आकर्षण का केंद्र भव्य पंडाल बना है। पंडाल का स्वरूप उत्तराखंड के चार धामों में से एक श्री केदारनाथ धाम पर आधारित है। उद्घाटन के साथ दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार राम (बंटी) ने बताया कि पंडाल निर्माण पर लगभग 7.50 लाख रुपये की लागत आयी है। आयोजन में समिति के संस्थापक किशुन राम, मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम, संरक्षक जागेश्वर सिंह व सुरेश राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, आयोजन समिति में अरविंद कुमार राम, अमित कुमार महतो, रणधीर सिंह, संजय कुमार राम, नरेश यादव, उमेश राम, शंभू शंकर सिंह, तीर्थ पाहन, संजय यादव, विनोद राम, संतोष राम, बबलू राम, झलकू महतो, सुनील महतो, राहुल यादव, सूरज गोप, रोहित महतो, सुभाष सिंह, मनोज यादव, यशवंत रंजन और नीरज गोप अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## बेड़ो में स्कूटी सवार दंपति को कार ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी रिम्स रेफर



दिनेश उरांव की फाइल फोटो।

बेड़ो (आजाद सिपाही )। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में मंगलवार की अपराह्न साढ़े तीन बजे डीएवी स्कूल के पीछे रांची गुमला फोर लेन मार्ग पर एक स्कूटी सवार दंपति को कार सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बेड़ो ईंटा चिल्द्री बस्ती निवासी 35 वर्षीय दिनेश उरांव उर्फ दीनू और 30 वर्षीय पत्नी सुमति उराईन को जब पेट्रोलिंग पुलिस ने सीएचसी लाया गया, तो अस्पताल में कोई डॉक्टर ही मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने ईंटा पंचायत के मुखिया अनिता बाड़ा व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा को इसकी सूचना दी। पूर्व मुखिया ने इसकी सूचना उपप्रमुख मोददसिर हक व नवल किशोर सिंह को दी। वहीं विधायक प्रतिनिधि सह स्वास्थ्य सेवा प्रभारी नवल किशोर सिंह ने फोन कर सीएचसी प्रभारी डा सुमन एक्का को मौके पर बुलाया। इसके बाद चिकिसक ने गंभीर रूप से घायल दिनेश उरांव को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल पत्नी को प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# गर्भवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

अस्पताल जाने को लेकर दंपति में हुआ था विवाद

पत्नी के सिर पर पत्थर मारा फिर कुएं में धकेला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिगरा टिकरा में हुई गर्भवती महिला की मौत का खुलासा करते हुए पुलिस ने पत्नी की हत्या के जुर्म में पति रंथु महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को पुलिस ने तिगरा टिकरा टोली के एक कुएं से गर्भवती महिला संगीता देवी का शव बरामद किया था। मामले को लेकर मृतक महिला के पिता में रातू थाना में दामाद के अलावा ससुराल वालों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। रंथू ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


**पत्थर से किया सिर पर वार, फिर कुएं में धकेला :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक महिला संगीता देवी 7 माह की गर्भवती थी। पत्नी उसे अस्पताल में चिकत्सक के पास दिखाने के लिए बोल रही थी। परंतु रंथू पैसे नही होने की बात कह टाल देता था। सोमवार की सुबह भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ। पत्नी नाराज होकर घर से निकलने के बाद कुंआ के पास पहुंची थी। इसके उपरांत पति रंथू भी वहां पहुंचा। वहां दोनों के बीच कहा सुनी हुई और विवाद बढ़ गया, तभी रंथू ने एक ईंट से पत्नी के सिर पर वार कर दिया। इसके उपरांत उसे कुएं में धकेल दिया। घायल पत्नी जब कुएं से निकलने की प्रयास की, तो रंथु ने एक बड़ा सा पत्थर उठाकर पत्नी के सिर पर दे मारा, जिससे संगीता कुएं में डूब गयी और उसकी मौत हो गयी।

**मोबाइल में जुआ की लत ने उजाड़ी जिंदगी**

ग्रामीणों के मुताबिक रंथु कोई काम नही करता था। उसे मोबाइल में गेम व जुए की लत थी। पत्नी के इलाज के लिए वह ससुराल से रुपये मांगता रहता था। परन्तु इलाज के बजाय जुए में पैसे खर्च कर देता था। इसी बात पर घर मे विवाद होता था।

# नवादा से जुड़ेगा पावापुरी, 25 किमी नयी रेल लाइन को मिली मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कोलकाता।** बिहार में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार और क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए नवादा और पावापुरी को जोड़ने वाली नयी रेल परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। यह रेल लाइन 25.10 किलोमीटर लंबी होगी और इसके निर्माण पर लगभग 492.14 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। यह प्रस्ताव भारतीय रेल द्वारा नयी रेल लाइनों के निर्माण हेतु निर्धारित अंब्रेला वर्क्स 2024-25 के अंतर्गत रखा गया था। इस नयी रेल लाइन से नवादा को पावापुरी तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। पावापुरी एक प्रमुख जैन तीर्थ स्थल है, जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इस परियोजना के पूरा होने से पावापुरी की कनेक्टिविटी सड़क मार्ग के साथ-साथ रेल मार्ग से भी संभव होगी, जिससे सड़क यातायात का दबाव कम होगा और पारसनाथ व जल मंदिर की यात्रा भी सुविधाजनक होगी। नवादा-पावापुरी नयी रेल लाइन परियोजना से जैन सर्किट में धार्मिक पर्यटन को नयी दिशा मिलेगी। राजगीर और बिहार शरीफ से जुड़ाव और अधिक मजबूत होगा तथा नवादा-नालंदा-राजगीर क्षेत्र में यात्रा का समय कम हो जायेगा। पर्यटन के अलावा यह रेल लाइन सामाजिक और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। नवादा क्षेत्र को नालंदा और प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ा जायेगा। इसके साथ ही कादिरगंज के पारंपरिक रेशमी उद्योग को बड़े बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी और भागलपुर तक व्यापारिक गतिविधियों को नयी ऊर्जा मिलेगी। यह परियोजना नालंदा विश्वविद्यालय और बोधगया जैसे महत्वपूर्ण शिक्षा और सांस्कृतिक केंद्रों तक पहुंच को भी सरल बनायेगी। निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और परियोजना के पूर्ण होने के बाद व्यापार और उद्योगों को भी लाभ पहुंचेगा। इसके अतिरिक्त यह पहल रजौली में प्रस्तावित 2000 मेगावाट परमाणु ऊर्जा संयंत्र और क्षेत्रीय विकास की अन्य योजनाओं को भी बल देगी। नवादा-पावापुरी नयी रेल लाइन न केवल धार्मिक महत्व को नया आयाम देगी, बल्कि शिक्षा, पर्यटन, उद्योग और सामाजिक-आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। यह परियोजना संपूर्ण क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती देते हुए विकास की नयी गाथा लिखेगी। इस परियोजना की स्वीकृति पर नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य रेल क्रांति का अनुभव कर रहा है। इस परियोजना के पूरा हो जाने से नवादा और नालंदा जिला के लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

## रांची की महत्वपूर्ण खबरें

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में विजयादशमी पर विशेष पूजन, 151 तलवारों का होगा वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा 2 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में भव्य देवी शक्ति सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 2 अक्टूबर विजयादशमी के दिन अपराह्न- 2 बजे मंदिर परिसर में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजन-अर्चना के साथ शक्ति स्वरूपा देवी मां के विविध अस्त्र-शस्त्रों की आराधना की जायेगी। सामूहिक शस्त्र पूजन के उपरांत हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया है। पूजन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रतीकात्मक रूप से 151 तलवारों का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर खिचड़ी भोग महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया है।

### आरएस फाउंडेशन ने कन्याओं को मिठाइयां बांटी




रांची (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मां दुर्गा के नौ रुपों की पूजा कर हमें सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर महाअष्टमी के दिन आरएस फाउंडेशन ने बुकरु में ग्रामीण कन्याओं के बीज मिठाइयां भेंट की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर संस्था के पंकज बंका, प्रशांत कुमार, चंद्रमणी सिंह आदि मौजूद थे।

### झारखंड में दो अक्टूबर तक बंद रहेंगे बैंक

रांची (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के अवकाश के कारण झारखंड के सभी बैंक मंगलवार से लगातार तीन दिनों तक बंद रहेंगे। बैंकिंग संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार मंगलवार को महाअष्टमी, एक अक्टूबर बुधवार को महानवमी-दशहरा एवं दो अक्टूबर गुरुवार को विजय दशमी और गांधी जयंती के अवसर पर अवकाश रहेगा। इस कारण राज्यभर में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी। इन तीन दिनों तक ग्राहकों को नकद लेन-देन और चेक क्लियरेंस जैसी सामान्य सेवाओं में असुविधा होगी। हालांकि एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआइ की डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहेंगी। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे पहले से नकदी की व्यवस्था कर लें और जरूरी कार्य समय रहते निपटा लें, ताकि अवकाश के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### श्री श्याम मंदिर में मां महागौरी का पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर मां महागौरी का आह्वान किया गया और माता का विधिवत पूजन किया गया। प्रात:कालीन आरती में प्रतिदिन श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया और कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा उपस्थित हुए। संध्या कालीन आरती में भी मंदिर में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्याम मंदिर में 173वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया और और मनोरथ जो कोई लावे सोइ अमित जीवन फल पावे के गायन एवं बजरंग बली के जयकारों से श्याम मंदिर गूंज उठा। उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने अखंड ज्योति और पूजन के सभी कार्य संपन्न कराया। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक व डफली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद महाआरती हुई और फिर भक्तजनों के बीच प्रसाद का विरतण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, सुनील मोदी और हर्ष कृष्णा कुमार सहित अन्य भक्त उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मां भगवती की पूजा-अर्चना और दुर्गा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक प्रतिदिन मंदिर के आचार्य दुर्गा पाठ कर रहे हैं।

### मैया के गीत और भजन से गूंजा झारखंड भोजपुरी विकास केंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। शरद नवरात्र के अवसर पर रांची की भोजपुरी संस्था झारखंड भोजपुरी विकास केंद्र के तत्वावधान में मां दुर्गे के चरणों में स्वरांजलि अर्पित करने हेतु मंगलवार को संध्या 4.00 बजे से 'निमिया के डार' नाम से गीत, भजन एवं कीर्तन का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था केअध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ उर्मिला सिन्हा मुख्य अतिथि के अलावा रिम्मी वर्मा, अर्पणा सिंह, गीता चौबे 'गूंज', पुष्पा पांडेय, सीमा सिन्हा, सविता गुप्ता, रश्मि सिन्हा, पूनम वर्मा, ममता मनीष सिन्हा, बिनोद सिंह गहरवार एवं सुनीता श्रीवास्तव 'जागृति' द्वारा दुर्गा माता के पारंपरिक गीतों और भजनों की एक से बढ़ एक प्रस्तुतियां दी गयीं। डॉ उर्मिला सिन्हा ने भोजपुरी के पारंपरिक गीतों को बचाने की बात कही। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में लोकायत धर्म, मोहनजोदड़ो-हड़प्पा सभ्यता, ऋग्वैदिक, उपनिषद् एवं पुराणों के काल में मातृशक्ति के रूप में देवी की उपासना की परंपरा और इतिहास पर विस्तार से चर्चा की गयी। संचालन सुनीता श्रीवास्तव जागृति ने और धन्यवाद ज्ञापन अर्पणा सिंह ने किया।

# दीपदान करने के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, महागौरी की हुई आराधना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अष्टमी के दिन जिले की प्रसिद्ध मां गढ़देवी मंदिर सहित सभी पूजा पंडालों में दीप दान को लेकर श्रद्धालु का सैलाब उमड़ पड़ा। नवरात्रि की महाअष्टमी पर को मां दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा की गई। भक्तों ने उपवास रखकर माता का जागरण किया। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गे के सभी रूपों में महागौरी का रूप सबसे उत्तम रूप माना जाता है। मां अष्टमी के दिन सुबह में ही माता को चुनरी चढ़ाने में के साथ ही पूजा की गई। महाअष्टमी को पूजन पाठ आरती एवं पुष्पांजलि हुआ। जबकि 1:44 बजे पर महादीपदान किया गया। महादीप दान के द्वारा खासकर महिलाओं के लिए संधी पूजा को लेकर काफी अधिक संख्या में पूजा पंडालों में भीड़ दिखी। मां गढ़ीदेवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा की झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। इसके अलावा संघत मोहल्ला स्थित मां भवानी संघ, टंडवा स्थित भारत संघ, भागलपुर जय मां शेरावाली संघ, नगवां मोहल्ला के शिव शक्ति संघ, जय माता दी संघ, भागलपुर मोहल्ला सहित आदि पूजा पंडाल व मंदिरों में भी महा अष्टमी का दीपदान का आयोजन किया गया। संधी पूजा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। गढ़ीदेवी मंदिर में आयोजित पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी राजन पांडेय, ईश्वर सागर चंद्रवंशी,रणविजय सिंह, कंचन साहू, विनोद जयसवाल, जगजीवन बघेल, चिंटू पांडे, मनु पांडेय, अरुण पटवा, अनिल बघेल, विनोद प्रसाद उर्फ करीमन बघेल, चंदन जयसवाल, अशीष अग्रवाल, राजेश प्रसाद, मधु कुमार, रवि केशरी, हेमेंद्र सिंह, अरविंद पटवा, राहुल साहू, राहुल डिसूजा, ऋषि जसवाल, उमेश केशरी, जय पटवा, हिंदू सागर, दीपक सरदार, अस्मित कुमार, रंजू सोनी, अरुण कुमार, शंभू जसवाल सहित कई सदस्य दिनरात लगे हैं।

# डीसी-एसपी ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित दुर्गा पूजा आयोजन को सुनिश्चित करने को लेकर पूजा पंडालों का जायजा लिया। इस क्रम में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सोमवार देर शाम सदर प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख दुर्गापूजा पंडालों का निरीक्षण करने निकले।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नहर चौक, चीनिया रोड शिव मंदिर, नवादा मोड़, टंडवा, मेन रोड और रामबांध तालाब स्थित पूजा पंडालों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिमाओं और मंडपों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण, दंडाधिकारियों की तैनाती, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन, यातायात एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि दुगार्पूजा जिले की आस्था और संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे पर्व के दौरान दंडाधिकारी, पुलिस बल और आपातकालीन सेवाएं 247 सतर्क रहेंगी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके। इस अवसर पर डीसी एवं एसपी जय भवानी संघ के पूजा पंडाल का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार, बीडीओ कुमार नरेन्द्र, सीओ सफी आलम, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील आदि मौजूद थे।

# मझिआंव में दुर्गा पूजा और रामलीला का भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा समितियों द्वारा सप्तमी की देर शाम रामलीला एवं प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम से किया गया। करमडीह हाई स्कूल चौक के समीप शिव शक्ति संघ दुर्गा पूजा समिति, लोहरपुरवा सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी तथा मझिआंव खुर्द गांव स्थित जय भवानी संघ द्वारा आयोजित रामलीला का उद्घाटन नगर पंचायत क्षेत्र की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया।

इसी क्रम में खजूरी बस स्टैंड के समीप नव युवक संघ क्लब पूजा समिति और गहिड़ी गांव स्थित बाल युवा संघ दुर्गा पूजा समिति के प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ भी सुमित्रा देवी द्वारा किया गया। वहीं, चंद्रवंशी टोला स्थित नवदीप संघ की प्रतिमा का पट भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने खोला। इसके अलावा बाजार समिति परिसर में दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा स्थापित प्रतिमा का पट ओबीसी एकता मंच के संरक्षक ब्रह्मदेव प्रसाद ने पूजा-पाठ के साथ खोला। बाजार समिति परिसर में यंग स्टार क्लब का पंडाल भूटान के बौद्ध मंदिर की तर्ज पर बनाया गया था, जो मुख्य आकर्षण रहा। चंद्रवंशी टोला स्थित नवदीप संघ का पंडाल इंडोनेशिया के उल्लूवातु मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया, वहीं मझिआंव खुर्द गांव में जय भवानी संघ का भव्य पंडाल भी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर मुस्कैनिया टीकर टोला स्थित दुर्गा मंडप में सोमवार की रात भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भक्ति जागरण का उद्घघाटन चपरी पंचायत के मुखिया प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी दीपू गुप्ता ने फीता काटकर किया। मौके पर दीपू गुप्ता ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की विजयी का प्रतीक है। हम सभी को चाहिए कि भगवान राम के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात कर सनातन संस्कृतिक को जीवंत बनाए रखना होगा। भक्ति जागरण में पाचाडूमर से आएं कलाकारों ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस भक्ति जागरण के सफल आयोजन में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, सचिव शशि कुमार गुप्ता, राजेंद्र पासवान, अंकित, प्रिंस, बादल, नीतीश कुमार, अभय कुमार सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह पंचायत मुख्यालय में शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि को पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य नितेश सिंह ने बरवाडीह दुर्गा पूजा परिसर में भव्य मंदिर निर्माण हेतु विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया किया और आधारशिला राखी। इस अवसर पर नितेश सिंह ने आजाद सिपाही को बताया कि बरवाडीह पंचायत वासियों के दिली इच्छा शक्ति और चाहत को देखते हुए ग्रामीण जनता के सर्व सम्मति से बरवाडीह में भव्य मंदिर निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए सभी लोग मिलकर सहयोग से मंदिर बनाएंगे। इस पुण्य कार्य के लिए ग्रामीण जनता श्रद्धालु भक्तों ने नितेश सिंह जी की उत्तम स्वास्थ्य के लिए मां दुर्गा से कामना की है। इस मौके पर मुखिया पम्मी देवी सिंह, रामप्रताप यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों की निःशुल्क हृदय जांच की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विश्व हृदय दिवस पर स्थानीय प्रभात मेडिकल सेंटर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ, कार्डियोलॉजी डॉ पंकज प्रभात ने शिक्षकों के लिए निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन एसडीएम संजय कुमार, अलखनाथ पांडेय, सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह, महेंद्रधर दुबे, डॉ रमेश चंचल, पारस तिवारी, सूचित नारायण लाल,दिलीप कश्यप, अस्पताल के संस्थापक प्रभात कुमार एवं ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि पहले के लोगों के खान पान बेहतर था। इसलिए उनका हृदय मजबूत होता था। लेकिन आज वह सब बातें नहीं है। समाज के लिए कुछ बेहतर करें हृदय मजबूत बना रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रभात मेडिकल सेंटर स्थानीय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात ने कहा कि वे अगले साल तक गढ़वा को हृदय रोग के इलाज हेतु एक सुपर स्पेशलिटी हार्ट केयर सेंटर गढ़वा वासियों को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव रंजन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ रूबी प्रभात ने किया। कार्यक्रम को रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, डॉ रमेश चंचल, विनोद पाठक आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार, डॉ पतंजलि केसरी, अलखनाथ पांडेय, दिनेश प्रसाद सिंह, सूचित नारायण लाल, कमलेश्वर पांडेय, प्रभात कुमार, प्रभात रंजन सिंह, अमित तिवारी, दिनेश कुमार चौबे, मुकेश ठाकुर, शक्ति कुमार सिंह, बलराम तिवारी, दिलीप कश्यप,उमाकांत तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रपुरा गांव में दुर्गा नवचंडी पाठ सह श्रीराम कथा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के रपुरा गांव स्थित कात्यायनी माता मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय दुर्गा नवचंडी पाठ सह श्रीराम कथा का भव्य आयोजन जारी है। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंगलवार को कथा वाचक आचार्य सौरभ भारद्वाज ने श्रीराम कथा के अंतर्गत राम-केवट संवाद, मारीच वध, सीताहरण और सुग्रीव मिलन जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। इसके उपरांत उन्होंने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

मंच संचालन की जिम्मेदारी सेवानिवृत्त प्रोफेसर ब्रह्मदेव सिंह ने निभायी और अनुशासित माहौल में कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इस अवसर पर कमिटी के अध्यक्ष धनंजय सिंह, सुशील सिंह, महेंद्र सिंह, अलियार प्रजापति सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

इस मौके पर आचार्य सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव का वातावरण पवित्र होता है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। पूरे नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम जारी रहेगा।

# राखी और सिंदूर उर्फ डाकू शमशेर सिंह नामक नाटक का किया गया मंचन



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रारो बाजार प्रांगण में दुर्गा पूजा के मौके पर हो रहे पांच दिवसीय नाटक मंचन के तीसरे दिन सोमवार की रात ह्लराखी और सिंदूर उर्फ डाकू शमशेर सिंहह्व नाटक का मंचन किया गया।इस नाटक में भाईझ्रबहन के रिश्ते, सुहाग का प्रतीक सिंदूर और अपराध की दुनिया में फंसे डाकू शमशेर सिंह का जीवन संघर्ष दिखाया गया। पारंपरिक पोशाक, गीत-संगीत और कलाकारों के जोरदार अभिनय ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार कई बार गूंज उठा और देर रात तक भारी संख्या में लोग कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।नाटक में कमलेश यादव, प्रताप यादव, भानु कुमार यादव,धर्मेंद्र यादव ,विमलेश यादव, विजय सिंह, ओमप्रकाश यादव,चंद्रिका प्रसाद यादव व रंजीत विश्वकर्मा सहित कई स्थानीय कलाकारों ने अपने-अपने किरदार निभाये।

# वीर योद्धा आल्हा-ऊदल नाट्य प्रस्तुति ने बांधा समां



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल ।** शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर पुरानी बाजार में स्थानीय कलाकारों द्वारा की जा रही नाट्य प्रस्तुति से दर्शकों में श्रद्धा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। सोमवार की रात्रि में उदल हरण की नाट्य प्रस्तुति में बुंदेलखंड के वीर योद्धाओं आल्हा और ऊदल की वीरता और शौर्य का जहां जीवंत दृश्य देखने को मिला वहीं राज दरबार में नर्तकियों की शानदार नृत्य और संगीत पर दर्शन देर रात तक झूमते रहे। नाट्य प्रस्तुति में डायरेक्टर तथा परमार राजा का भूमिका नागेंद्र पटवा के द्वारा निभाया गया जबकि उनके छोटे भाई शैलेंद्र पटवा और योगेंद्र कुमार ने क्रमशः मौनी तथा उदल के पात्र के रूप में शानदार अभिनय किया। वही प्रसिद्ध व्यवसायी कृष्ण प्रसाद सौंडिक ने आल्हा, रमेश प्रसाद उर्फ सोहराई ने मलखान सिंह, रामनाथ ठाकुर ने जागन का अभिनय किया। साथ ही रामजी ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, अजय ठाकुर, अजीत कुमार, रंजन कुमार, सुजीत कुमार ने भी अपने अपने अभिनय से दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया।

# सीएसआर नियमों की अनदेखी पर आक्रोश, आंदोलन की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** डुमरसोता पंचायत में L&T कंपनी द्वारा लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से पाइपलाइन सिंचाई योजना का कार्य चल रहा है। लेकिन कंपनी के सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) नियमों की अनदेखी को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। इसी मुद्दे पर सामाजिक संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया।

बैठक में प्रमुख रूप से गौरी शंकर चौधरी, प्रमोद चौधरी, पप्पू कुमार, राम देनी चौधरी, लालमणि राम, अनिरुद्ध चौधरी, निरंजन राम, बुलबुल कुमार, मुन्ना, रामलखन चौधरी, दीपक और सुनील उपस्थित थे। सभी ने एकमत होकर कहा कि अगर कंपनी ने सीआर के तहत कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

# आटो-बाइक की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**मेराल।** थाना क्षेत्र के पर लगमा ओवर ब्रिज के पास नेशनल हाईवे सड़क पर मंगलवार को ऑटो व बाइक की हुई जोरदार टक्कर में ऑटो पलट गई, इस घटना में चिनिया थाना क्षेत्र के बाइक सवार गंभीर रूप से तथा ऑटो सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गये। गढ़वा से आ रही ऑटो चालक लगमा से सवारी उतार कर रॉन्ग साइड से हाइवे पर चढ़ रहा था, इसी बीच मेराल की ओर से जा रहा बाइक सवार की जोरदार टक्कर ऑटो से हो गयी। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। बाद में पहुंच एंबुलेंस से ऑटो सवार को भी गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया।


**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**एदलहातु टोल प्लाजा पर 01.10.2025 से प्रारम्भ उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) की सार्वजनिक सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–33 के किमी 140.000 से किमी 217.300 (रामपुर – चौका खंड) निर्मित खंड के उपयोग के लिए **एदलहातु** टोल प्लाजा (चैनेज किमी 162.750, ग्राम–एदलहातु, जिला–रांची) पर उपयोगकर्ता शुल्क **दिनांक 01.10.2025 (00:00 बजे)** से निम्न दरों पर प्रारम्भ होने जा रहा है:

| वाहनों की श्रेणी | एकल यात्रा (रू0) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा (रू0) | मासिक पास का शुल्क एक माह में 50 एकल यात्रा (रू0) | शुल्क के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा शुल्क (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहन | 120 | 180 | 3995 | 60 |
| हल्के वाणिज्यिक यान, हल्के मालवाहन यान या मिनी बस | 195 | 290 | 6450 | 95 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 405 | 610 | 13520 | 205 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक यान | 440 | 665 | 14750 | 220 |
| भारी संन्निर्माण मशीनरी, अर्थ मूविंग उपस्कर और बहुधुरीय यान (4 से 6 धुरी) | 635 | 955 | 21200 | 320 |
| अधिक बड़ें आकार वाले यान (सात अथवा इससे अधिक धुरी) | 775 | 1160 | 25810 | 385 |

**टिप्पणी:** टोल प्लाजा के 20 किमी. के दायरे में रहने वाले लोगों के स्थानीय गैर– व्यसवसायिक वाहनों के मासिक पास की दर 340/– रू. होगी

परियोजना निदेशक
प.का.ई.– रांची, झारखंड–834002

सड़के ही नही, राष्ट्र का निर्माण भी


# शारदीय नवरात्र में भक्ति वातावरण से सराबोर रहा केतार

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में वातावरण भक्तिमय देखने को मिल रहा है।विभिन्न गांवों में पंडाल सजी हुई है।मां दुर्गा की दर्शन व पूजा अर्चना के लिए भक्त काफी उत्सुक दिखे।मंगलवार को विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आठवीं स्वरूप मां महागौरी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया।प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों एवं विभिन्न पंडालों में कई प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जा रही है।मंगलवार को विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा ने केतार के विभिन्न पूजा पंडालों में माथा टेक पूजा अर्चना किया।उन्होंने मां दुर्गा से क्षेत्र में अमन चैन एवं अपने पिता क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना किया।मानवेंद्र ने पूजा समिति को यथासंभव सहयोग भी प्रदान किया और आश्वस्त किया कि भविष्य में भी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा।

## आकर्षण बना जगन्नाथ पूरी मंदिर का प्रारूप

इस बार शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र में दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है।पाचाडूमर में उड़ीसा के जगन्नाथ पूरी मंदिर का प्रारूप आकर्षण का केंद्र बनते जा रहा है। रंग बिरंगे कपड़ों और फूलों की सजावट श्रद्धालुओं के बीच कौतूहल एवं आस्था का विषय बना हुआ है। आयोजक कमिटी के अध्यक्ष उदय प्रसाद ने बताया कि मां दुर्गा पूजा महोत्सव में स्थानीय कलाकारों एवं कमेटी के लोगो के द्वारा 65 वर्षों से रामलीला प्रस्तुति की परंपरा आती रही है। इसमें श्रीराम से जुड़े प्रसंगों का जीवंत झलकियां प्रस्तुत की जा रही है।

## संधि पूजा करने से मनोवांछित फल मिलता है : ओमनारायण पंडित

नवरात्रि में संधि पूजा का विशेष महत्व होता है,क्योंकि यह अष्टमी और नवमी तिथि के संधिकाल (लगभग 48 मिनट) में की जाती है,जब देवी चामुंडा ने चंड और मुंड राक्षसों का वध किया था। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। शक्ति और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है।श्री सूर्य नारायण मंदिर के पुजारी ओमनारायण पंडित ने बताया कि इस दौरान की गई पूजा से भक्तों को मनोवांछित फल, सुख, समृद्धि और आरोग्यता मिलती है।

## क्रिकेट का नुकसान

एशिया कप खत्म हो चुका है, लेकिन उससे जुड़े विवाद जारी हैं। यह क्रिकेट टूर्नामेंट जितनी कड़वाहट के साथ शुरू हुआ था, उससे भी ज्यादा कड़वाहट छोड़कर जा रहा है। फाइनल के दिन और उसके बाद भी जो कुछ हुआ, उससे खेल की गरिमा को चोट पहुंची है।

**माहौल का असर :** भारत-पाकिस्तान रिश्तों के बीच क्रिकेट हमेशा से अहम फैक्टर रहा है। दोनों देशों के संबंधों को सामान्य बनाने के लिए इसका इस्तेमाल हुआ, तो इसी के जरिये एक-दूसरे के प्रति गुस्सा भी निकाला गया। इस एशिया कप को लेकर शायद ही किसी के मन में संशय रहा हो। टूनार्मेंट की पहली गेंद फेंके जाने से पहले तनाव बढ़ना शुरू हो गया था। जब माहौल इस कदर कटुता से भरा हो, तो उसका असर दिखते देर नहीं लगती।

**एसीसी की लापरवाही :** यहीं पर जिम्मेदारी आती है खेल संस्थाओं की। दुर्भाग्य से एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पूरे मामले को बहुत ही लापरवाही और गैर पेशेवर ढंग से लिया - और प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी इस लापरवाही का चरम थी। एसीसी की कमान इस समय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के पास है। बतौर एसीसी प्रमुख, यह उनकी जिम्मेदारी थी कि आयोजन सफलतापूर्वक खत्म होता, लेकिन उन्होंने ही उसमें अड़ंगा लगा दिया। क्रिकेट इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई पदाधिकारी ट्रोफी लेकर चला गया हो और चैंपियन टीम खाली हाथ रहे।

> नवंबर में एसीसी की बैठक होनी है। बीसीसीआइ ने कहा है कि इसमें नकवी के आचरण को लेकर शिकायत दर्ज की जायेगी। क्रिकेट नयी जमीन तलाश रहा है, खास कर एशिया में। एशिया कप का यही मकसद है, पर इस तरह के टूर्नामेंट से यह हासिल नहीं होगा।

**खेल का मजाक :** मैच रेफरी से जुड़ा विवाद हो या यूएइ मैच से पहले हुआ ड्रामा - पीसीबी के कदमों से क्रिकेट का केवल मजाक ही बना। कम से कम ट्रॉफी विवाद को आसानी से टाला जा सकता था। खिलाड़ियों के बीच मैदान पर बहस, स्लेजिंग, इशारेबाजी चलती है - पहली बार ऐसा हुआ कि एसीसी प्रमुख भी उसमें पार्टी बन गये। नकवी यह भूल गए कि इस इवेंट में उनकी भूमिका केवल पीसीबी चीफ की नहीं है।

**युद्ध उन्माद :** नकवी ने आरोप लगाया था कि भारत खेल में राजनीति को ला रहा है, पर अब वह खुद ही क्रिकेट में युद्ध को घसीट लाये हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट के जवाब में नकवी का मेसेज भ्रामक और क्रिकेट को और नुकसान पहुंचाने वाला है। खेल को इससे जो क्षति पहुंची है, उसकी भरपाई बहुत मुश्किल है।

**खेल भावना का ख्याल :** नवंबर में एसीसी की बैठक होनी है। बीसीसीआइ ने कहा है कि इसमें नकवी के आचरण को लेकर शिकायत दर्ज की जायेगी। क्रिकेट नयी जमीन तलाश रहा है, खास कर एशिया में। एशिया कप का यही मकसद है, पर इस तरह के टूर्नामेंट से यह हासिल नहीं होगा। इसके लिए ऐसे एडमिनिस्ट्रेटर चाहिए, जो खेल की भावना को समझते हों।

अभिमत
आजाद सिपाही

**संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं। अंग्रेजी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी?**

## समाज सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बनी



**दत्तात्रेय होसबाले**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्य को अभी सौ वर्ष पूर्ण हो रहे है। इस सौ वर्ष की यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। यह यात्रा परिश्रम पूर्ण और कुछ संकटों से अवश्य घिरी रही, परंतु सामान्य जनों का समर्थन उसका सुखद पक्ष रहा। आज जब शताब्दी वर्ष में सोचते हैं तो ऐसे कई प्रसंग और लोगों का स्मरण आता है, जिन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्वयं सब कुछ समर्पित कर दिया।

प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर संघ कार्य हेतु देशभर में निकल पड़े। अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ कार्यकर्ता हों या प्रचारक स्वरूप में दादाराव परमार्थ, बालासाहब एवं भाऊराव देवरस बंधु, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे आदि लोग डॉक्टर हेडगेवार जी के सान्निध्य में आकर संघ कार्य को राष्ट्र सेवा का जीवनव्रत मानकर जीवन पर्यंत चलते रहे।

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं। अंग्रेजी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेजी सीखने की जरूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं एवं वहीं वो चुपचाप पहुंच जाते हैं। इसलिए वे मेरी बात समझ जायेंगे। यह बात सत्य सिद्ध हुई। वैसे ही संघ के इस सात्विक कार्य को धीरे क्यों न हो, सामान्य जन से स्वीकार्यता एवं समर्थन लगातार मिल रहा है।

> संघ कार्य के प्रारंभ से ही संपर्कित व नये-नये सामान्य परिवारों द्वारा संघ कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद एवं आश्रय प्राप्त होता रहा।



**भविष्य में राष्ट्र की सेवा में समाज के सभी लोगों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए संघ स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क के द्वारा विशेष प्रयास करेंगे। देशभर में बड़े शहरों से लेकर सुदूर गांवों के सभी जगहों तक तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने का प्रमुख लक्ष्य रहेगा।**

संघ कार्य के प्रारंभ से ही संपर्कित व नये-नये सामान्य परिवारों द्वारा संघ कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद एवं आश्रय प्राप्त होता रहा। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता-भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। दत्तोपंत ठेंगड़ी या यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे तथा एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय या दादासाहेब आपटे जैसे लोगों ने संघ प्रेरणा से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संगठनों को खड़ा करने में अहम भूमिका निभायी। ये सभी संगठन वर्तमान समय में व्यापक विस्तार के साथ-साथ उन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज की बहनों के मध्य इसी राष्ट्र कार्य हेतु राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से मौसीजी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों की भूमिका इस यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। 2

संघ द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय हित के कई विषयों को उठाया गया। उन सभी को समाज के विभिन्न लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें कई बार सार्वजनिक रूप से विरोधी दिखने वाले लोग भी शामिल रहे। संघ का यह भी प्रयास रहा कि व्यापक हिंदू हित के मुद्दों पर सभी का सहयोग प्राप्त किया जाए। राष्ट्र की एकात्मता, सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द तथा लोकतंत्र एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के कार्य में असंख्य स्वयंसेवकों ने अवर्णनीय कष्ट का सामना किया और सैकड़ों का बलिदान भी हुआ। इन सबमें समाज के संबल का हाथ हमेशा रहा है।

1981 में तमिलनाडु के मीनाक्षीपुरम में भ्रमित करते हुए कुछ हिंदुओं का मतांतरण करवाया गया। इस महत्वपूर्ण विषय पर हिंदू जागरण के क्रम में आयोजित लगभग पांच लाख की उपस्थिति वाले सम्मेलन की अध्यक्षता करने हेतु तत्कालीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ कर्णसिंह उपस्थित रहे। 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना में प्रसिद्ध संन्यासी स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह एवं जैन मुनी सुशील कुमारजी, बौद्ध भिक्षु कुशोक बकुला एवं नामधारी सिख सद्गुरु जगजीत सिंह इनकी प्रमुख सहभागिता रही। हिंदू शास्त्रों में अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं है, यह पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से श्री गुरुजी गोलवल कर की पहल पर उडुपी में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में पूज्य धमार्चार्यों सहित सभी संतों-महंतों का आशीर्वाद व उपस्थिति रही। जैसे प्रयाग सम्मेलन में न हिंदुः पतितो भवेत (कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता) का प्रस्ताव स्वीकार हुआ था वैसे ही इस सम्मेलन का उद्घोष था - हिंदवः सोदराः सर्वे अर्थात सभी हिंदू भारत माता के पुत्र हैं। इन सभी में तथा गौहत्या बंदी का विषय हो या राम जन्मभूमि अभियान, संतों का आशीर्वाद संघ स्वयंसेवकों को हमेशा प्राप्त होता रहा है।

स्वाधीनता के तुरंत पश्चात राजनीतिक कारणों से संघ कार्य पर तत्कालीन सरकार द्वारा जब प्रतिबंध लगाया गया, तब समाज के सामान्य जनों के साथ अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघ के पक्ष में खड़े होकर इस कार्य को संबल प्रदान किया। यही बात आपातकाल के संकट समय में भी अनुभव में आयी। यही कारण है कि इतनी बाधाओं के पश्चात भी संघ कार्य अक्षुण्ण रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इन सभी परिस्थितियों में संघ कार्य एवं स्वयंसेवकों को संभालने का दायित्व हमारी माता-भगिनीयों ने बड़ी कुशलता से निभाया। यह सभी बातें संघ कार्य हेतु सर्वदा प्रेरणास्त्रोत बन गयी हैं।

भविष्य में राष्ट्र की सेवा में समाज के सभी लोगों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए संघ स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क के द्वारा विशेष प्रयास करेंगे। देशभर में बड़े शहरों से लेकर सुदूर गांवों के सभी जगहों तक तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। समूचे सज्जन शक्ति के समन्वित प्रयासों द्वारा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की आगामी यात्रा सुगम एवं सफल होगी।

**(लेखक : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह हैं।)**

# कोल्हान की खबरें

## जादूगोड़ा मोड़ में पूजा पंडाल पहुंचे विधायक संजीव सरदार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जादूगोड़ा।** नवरात्रि के अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार जादूगोड़ा मोड़ स्थित दुर्गापूजा पंडाल पहुंचे। मंगलवार को विधायक ने महा अष्टमी के दिन माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए कामना की।मौके पर पूजा समिति के द्वारा विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समिति ने उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। पूरे पंडाल परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक ने कहा दुर्गापूजा क्षेत्र की एकता और सामाजिक समरसता के प्रतीक है। विधायक के स्वागत में समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य संजय लोधा आदि शामिल रहे।

## विधायक मंगल कालिंदी ने पूजा पंडालों में मां से लिया आशीर्वाद

**क्षेत्र की खुशहाली के लिए की कामना, भोग वितरण कर दी शुभकामनाएं**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महाअष्टमी के पावन अवसर पर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। उन्होंने मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए कामना की। विधायक ने इस अवसर पर पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया। उन्होंने गोविंदपुर रेलवे स्टेशन स्थित श्री श्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा समिति, आनंद बिहार सोसाइटी राधिकानगर, बाराहडीह नरेगा हाट मैदान, बड़ाबांकी, एदेलबेड़ा पोखारी, मून सिटी डिमना रोड मानगो तथा नया बाजार जुगसलाई के पंडालों में माँ दुर्गा की दर्शन की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया।

## इचागढ़ में बैंक मित्र से तीन लाख की लूट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रांगामाटी-मिलन चौक पर तीन अज्ञात अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मित्र फाल्गुनी गोप से तीन लाख रुपये लूट ली। मौके पर आरोपियो ने उनके साथ मौजूद दुर्गा सोरेन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों का आरोप है पुलिस की लापरवाही और गश्ती व्यवस्था की कमी के चलते अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के डॉ एम पलित हुए सेवानिवृत्त



**31 वर्षों की सेवा को दी गयी विदाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. एम. पलित मंगलवार को 31 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में उनके योगदान को याद कर सभी ने विदाई दी।समारोह में टीएसजेडएस वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, मानद सचिव कैप्टन अमिताभ, सदस्य एचआर विकास कुमार, राहुल कुमार, डॉ. नईम अख्तर सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डॉ. पलित के पशु कल्याण, सहकर्मियों के प्रति सहयोग और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की।डॉ. पलित ने अपने विदाई संबोधन में 16 मई 1994 को जूलॉजिकल सोसाइटी में शुरू हुई अपनी यात्रा को एक ह्लतीर्थयात्राह्व बताया। उन्होंने 2010 में मगरमच्छ ह्लरंजनह्व के बचाव जैसे यादगार अनुभवों को साझा करते हुए सभी सहयोगियों और अपने परिवार को धन्यवाद दिया।उन्होंने कहा चिड़ियाघर आने वाले बच्चों की आंखों की चमक हमेशा मेरी प्रेरणा रही है। हमारा काम सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति प्रेम जगाना है।समारोह का समापन डॉ. पलित के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं और उनके अमूल्य योगदान की सराहना के साथ हुआ।

## विधायक सोनाराम सिंकू ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुवा।** जगन्नाथपुर विधायक सह उप मुख्य सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सोनाराम सिंकू ने महाअष्टमी के अवसर पर डांगवापोसी में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर दरबार में माथा टेका।मौके विधायक ने माँ से क्षेत्र की सुख और सामृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर उपमुखिया संतोष नाग मुंडा, दुर्गा पूजा संचालन समिति के कादिर अली, करण तिरिया, सूरज मुखी, भरत गोप सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस का साकची में वोट चोरी रोकें हस्ताक्षर अभियान में मिला जनसमर्थन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा साकची बाजार में हमारे वोटों की चोरी रोकें हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में अभियान में व्यापारियों और आम नागरिकों का भरपूर समर्थन मिला। आनंद बिहारी दुबे ने कहा मतदाता सूची में हो रही गड़बड़ियों में डुप्लीकेट नाम, फोटो रहित रिकॉर्ड और मनमाने ढंग से नाम हटाने जैसी समस्याएं लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग को लेकर जनता की आवाज चुनाव आयोग तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा अभियान में चुनाव सुधार की मांगें रखी गयीं। कांग्रेस की ओर से चुनाव आयोग से मांग की गयी मतदाता सूची को मशीन-रीडेबल फॉर्मेट में सार्वजनिक किया जाये, प्रत्येक चुनाव से पूर्व सभी अपडेट सार्वजनिक किये जायें, गलत तरीके से नाम हटाए जाने पर तुरंत शिकायत समाधान की व्यवस्था हो, वोटर लिस्ट में बदलाव के लिए स्पष्ट कट-ऑफ तिथि तय हो। मौके पर अमर कुमार मिश्रा, संजय सिंह आजाद, जसवंत सिंह जस्सी, राजीव मिश्रा, रंजीत सिंह, शाहनवाज खान, आशीष ठाकुर, अली रजा खान, इंतिखाब वास्ती, सनी सिंह, बिजय यादव, गुरदीप सिंह, शमशेर आलम, अखिलेश यादव, निखिल कुमार, हरिहर प्रसाद, सुनीता टोप्पो उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# दिउड़ी मंदिर में सोलहभुजी मां दुर्गा को देखने उमड़ी भीड़





आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड के देवड़ी मंदिर में मंगलवार को अपार भीड़ उमड़ी और लोगों ने सोलहभुजी मां दुर्गा का मंदिर में पूजा अर्चना किया और मां से सुख समृद्धि की कामना किया। मंदिर के बाहर भी लोग पूजा अर्चना करते रहे। भीड़ इतनी थी कि लोग मंदिर परिसर तक नहीं पहुंच पा रहे थे। लोग दुर-दुर से पूजा अर्चना करने अपने परिवार के साथ आये थे। रूक रूक कर बीआईपी भी आ रहे थे। फुल माला और प्रसाद बेचने वालों की आज चांदी थी। पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखायी दिये। प्राचीन कालीन यह मंदिर शक्तिपीठ के रूप में पुरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध है। यहां आज भी मनौती पूरी होने पर बकरा बली दी जाती है। यहां दुर्गा पूजा के कलश स्थापना के साथ बलि प्रथा बंद रहती है। नवमी से बलि शुरू हो जाती है। पुजारी मनोज पंडा ने बताया कि इस वर्ष भीड़ अधिक हो रही है। आस्था का यह मंदिर में ऐसे सालों भर भीड़ रहती है लेकिन दुर्गा पूजा के समय लाखों भीड़ होती है। इस अवसर पर मंदिर को फुलों और बिजली की रोशनी से पाट दिया गया है। बैरिकेटिंग भी की गयी है ताकि लोगों को मंदिर में आने में पूजा पाठ करने में कोई परेशानी नहीं हो। इस मंदिर का निर्माण बड़े बड़े शिलाखंड से बना है। संभवत असुर ने ही इसका निर्माण किया है।

# खूंटी के अभिषेक और डेविड सीनियर राष्ट्रीय रग्बी शिविर में किये गये आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कोलकाता में आयोजित होने वाले सीनियर राष्ट्रीय रग्बी शिविर के लिए खूंटी के अभिषेक टूटी और डेविड मुंडा को आमंत्रित किया गया है। 22 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाले शिविर में देश भर के कुल 27 खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शिविर में शामिल किया गया है। अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन इस शिविर में किया जायेगा, जो 25 और 26 अक्टूबर को ओमान में आयोजित होनेवाली एशिया रग्बी ट्रॉफी में भारतीय रग्बी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इसी वर्ष अभिषेक टूटी को रग्बी प्रीमियर लीग के लिए बेंगलुरु टीम में शामिल किया गया था, जबकि डेविड मुंडा अंडर 18 तथा अंडर 20 एशिया कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पिछले 3 -4 वर्षों में खूंटी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है और लगातार यहां के खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। जिले के खिलाड़ियों के मेहनत एवं लगन का परिणाम है कि आज झारखंड में खूंटी जिले को रग्बी का गढ़ माना जाता है। डेविड एवं अभिषेक को राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया जाने पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कुमार जलान, वरीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, महासचिव हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सयुंक्त सचिव शशि पोंडेय, शादाब खान, सचिन कुमार और अश्विनी मिश्रा सहित कई अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।







अभिषेक और डेविड।

# सांसद प्रतिनिधि रविंद्र ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार खलारी प्रखंड दौरे पर पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से राय पंचायत में रविंद्र सिंह ने मुलाकात किया और राय रेलवे स्टेशन पर टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस, रांची-चोपन एक्सप्रेस, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस, विसाखापटनम-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस आदि ट्रेन का ठहराव एवं फुटओभर ब्रीज का निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व सांसद प्रतिनिधी रवीन्द्र सिंह ने संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव राय स्टेशन पर कराने पर धन्यवाद एवं बधाई दिया। साथ ही उन्होने राय-बचरा जर्जर रोड पर भी ध्यान आकृष्ट कराया और जल्द से जल्द रोड बनवाने का आग्रह किया। मंत्री संजय सेठ ने रोड बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, धर्मेंद्र सोनी, रामावतार गुप्ता,उदय प्रताप सिंह, सुनील साह, पारस चौहान, जगदीश सोनी, अर्जुन केशरी, बॉबी सोनी, कुंदन चौहान सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# बुंडू : मां दुर्गा के सात्विक पूजा में किसी भी तरह के जीव की बलि नहीं दी जाती

बुंडू (आजाद सिपाही)। देश की आजादी के पहले बुंडू में सन 1850 ई० में पहली बार मां दुर्गा श्री श्री राजराजेश्वरी की पूजा की गयी। बुंडू के राजा दुर्लभ राय द्वारा स्थापित एवं संस्थापित की गयी। बुंडू में एकमात्र यह मंदिर सात्विक पूजा के लिए प्रसिद्ध है। सात्विक पूजा में किसी भी तरह के जीव की बलि नहीं दी जाती है। इस मंदिर की खास विशेषता यह है कि इस मंदिर के अंदर भगवान चंद्रशेखर (भगवान शिव का रूप) नागरा देवता दुवारवासिनी, अंधारी, कड़के, रंकणी पाट वैष्णा आदि कुल देवी देवताओं का पूजा होती है। नवमी के दिन पाट खंडा का विशेष अनुष्ठानिक पूजा किया जाता है उसके उपरांत भोग का वितरण का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भोग वितरण में शामिल होते हैं। सी पूजन का कार्यक्रम अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद राय के द्वारा संपन्न की जाती है।

# बैंक मित्र से छिनताई मामले में पुलिस ने टीम बनाकर चलाया छापेमारी अभियान

ईचागढ़। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रांगामाटीझ्रसिल्ली सड़क पर सोमवार शाम को चौका बैंक से रुपये लेकर घर आने के क्रम में अज्ञात अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मित्र फाल्गुनी गोप और उनके साथी दुर्गा सोरेन पर हमला कर नकदी तीन लाख रुपये लूट ली गयी थी। मंगलवार को थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे द्वारा टीम बनाकर जगह जगह छापेमारी अभियान चलाया गया। मालूम हो कि ईचागढ़ के आगसिया गांव निवासी बैंक मित्र फाल्गुनी गोप अपने दोस्त के साथ चौंका बैंक से रूपया लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बासाहातू के समीप बुरू मोड़ के पास पल्सर बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने अचानक हमला कर दिया। हमले के दौरान फाल्गुनी गोप और दोस्त दुर्गा सोरेन बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। फाल्गुनी गोप बाइक उठाने का प्रयास कर रहे थे, जबकि दुर्गा सोरेन रुपये बचाने की कोशिश में भागे। तभी हमलावरों ने उनका पीछा कर हमला कर दिया, जिससे दुर्गा सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में अपराधियों ने दुर्गा सोरेन के पास रखी तीन लाख नकदी भरा बैग लेकर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि एसआई हीरालाल कुमार एवं विश्वजीत तिवारी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के साथ टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही लुटेरों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।ग्रामीणों ने सुरक्षा को लेकर नियमित पुलिस गश्ती करने का मांग किया है।

# बेड़ो दुर्गा पूजा पंडाल में शिवसेना के दीपक सिंह ने मां दुर्गा का लिया आशीर्वाद



बेड़ो । शिवसेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने मंगलवार की रात बेड़ो दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। जहां पूजा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में मत्था टेका पूरे देश व प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि इस साल दुर्गा पूजा में भक्तों के बीच एक अलग ही उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है। इधर दीपक सिंह के इस दौरे से क्षेत्र के लोगों में भी काफी उत्साह देखा गया।

# 1.40 करोड़ रुपये का अफीम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले के अड़की थाने की पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के तुयुगुटू के टोला गुगरीपीढ़ी गांव में छापामारी कर एक करोड़ 40 लाख रु मूल्य का अफीम डोडा ब्रांड किया। 50 बोरों में बंद डोडा का वजन 938.33 किलो है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1.40 करोड़ 74950 रुपये आंकी गयी है।




पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि खूंटी के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो को मिली गुप्त सूचना पर खूंटी के पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास, मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव, अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार और अड़की थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

सोमवार को अपराह्ण लगभग दो बजे जब छापामारी दल तुयुगुटू के टोला गुगरीपीढ़ी पहुंचा, तो पुलिस ने देखा कि एक युवक घर से तेजी से बाहर भाग रहा है। सशस्त्र बल के जवानों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुखराम नाग उर्फ मालु (उम्र 28 वर्ष), गांव रूताडीह, खूंटी बताया। उसने बताया कि वर्तमान में वह अपने ननिहाल तुयुगुटू टोला गुगरीपीढ़ी में रह रहा था।

सुखराम नाग ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह गुगरीपिड़ी में अपने मामा बिरसा नाग के साथ मिलकर डोडा और अफीम का कारोबार करता है।

# खलारी क्षेत्र में पूजा पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



केडीएच में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



डकरा बीटाइप में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी डकरा एव मैकलुस्कीगंज एवं आसपास के पूजा पण्डाल में मां दुर्गा के दर्शन एव पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। क्षेत्र के खलारी, डकरा, केडीएच, चुरी, राय, मोहननगर लपरा, हेसालौंग नावाडीह, धुर्वा मोड़, धमधमिया, करकट्टा, खलारी बाजार टांड सहित अन्य पूजा पंडालों महाअष्टमी पूजन में पुष्पांजलि देने के लिए श्रद्धा एवं भक्ति का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मान्यता है कि नवरात्रि में माता की पूजा करने से पाप से मुक्ति मिलती है। मन में विचारों की शुद्धता आती है। हर प्रकार की नकारात्मकता दूर होती है। माता अपने भक्तों की बल, बुद्धि में भी वृद्धि करती हैं और विशेष कृपा प्रदान करती है।



डकरा पीओ ऑफिस के समीप स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

# पिपरवार के पूजा पंडालों में हुई महागौरी की अराधना



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र और आस पास के इलाकों में दुगार्पूजा को लेकर पुरा इलाका भक्तिमय हो गया है। कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो मे नवरात्र के आठवें दिन महाष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की अराधना हुई। पिपरवार क्षेत्र के बचरा दुर्गा पूजा पंडाल, बहेरा पूजा पंडाल, बेंती पूजा पंडाल, राय कोलियरी पूजा पंडाल, राय बाजार पूजा पंडाल, चुरी पूजा पंडाल सहित अन्य जगहों के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ देखी गयी। वहीं पूजा को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया। क्षेत्र में हो रही बारिश के बावजूद सभी पंडालों में मां महागौरी के दर्शन और पुजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बारिश पर श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ रही है। चारों तरफ पुरा क्षेत्र मां दुर्गा के नारों एवं जयकारों से गूंज रहा है।

# बेंती दुर्गापूजा पंडाल में जीएम संजीव ने किये मां दुर्गा के दर्शन



आजाद सिपाही संवाददता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने विधिवत फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया, इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए पंडाल का पट खोल दिया गया। वहीं जीएम संजीव कुमार ने मां दुर्गा के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के बेती गांव में पिछले 28 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर जीएम संजीव कुमार, खान प्रबंधक दिलीप कुमार आनंद, डिस्पैच अधिकारी राजेंद्र कश्यप, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य अनुप्रिया देवी, पूजा समिति अध्यक्ष हरिनारायण गंझू, रोहन गंझू, सुखी गंझू, धनराज भोक्ता, परमेश्वर गंझू, लखन साव, हेमराज प्रजापति,राजेश प्रजापति, गणेश भुईयां, प्रेम ठाकुर, सिकेंद्र प्रजापति सहित पूजा समिति के सभी लोग व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# ईचागढ़ के दुर्गा मंदिर में महा अष्टमी पूजा के लिए व्रतियों की लगी कतार



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ईचागढ़, गौरांगकोचा, मैसाड़ा, टीकर, सितु, सालूकडीह, डुमरा, आदरडीह, पिलीद आदि गांवों में सार्वजनिक दुर्गा पूजा हर साल की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ पूजा अर्चना हो रहा है। सुबह से ही अष्टमी पूजा करने के लिए व्रतियों का कतार देखने को मिला। वहीं सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति पिलिद के आयोजक समिति सदस्य दिलीप दास ने बताया कि प्राचीन काल से यह मंदिर प्रसिद्ध है। इस मंदिर में हर कोई अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं, और माता की आशिर्वाद से अपनी मनोकामनाएं पूर्ण पाते हैं। इस मंदिर में संजीत कुमार पांडेय एवं अलोक कुमार भट्टाचार्य पुजारी रहते हैं। इस मंदिर में बकरे की बलि दी जाती है। पूजा समिति आयोजन कर्ता भूतनाथ सिंह मुंडा, राजकिशोर सिंह मुंडा, दामोदर सिंह मुंडा, भगत सिंह मुंडा, घासी राम सिंह मुंडा, धीरज सिंह मुंडा, विक्रम सिंह मुंडा, सदानंद दास, धीरेंद्र दास, रवि दास, पंचानन पातर, अनिल गोप, हरि गोप, रंजीत पुरान, मधुसुदन पुरान, श्यामल पुरान, मदन पुरान, गंगाधर पुरान, रंगलाल प्रमाणिक, भूवन गोप आदि लोग इस पूजा समिति के द्वारा आयोजित महानुष्ठान को सफलतापूर्वक योगदान देते हैं।

# मुरहू थाने के टॉयलेट में छेड़छाड़ के आरोपित ने फांसी लगा खुदकुशी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू थाना परिसर स्थित टॉयलेट में मंगलवार सुबह छेड़छाड़ मामले के एक आरोपित मुरहू के मेराल गांव निवासी राहुल कुमार मांझी नामक युवक ने बिजली तार के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस गंभीर घटना की सूचना मिलते ही खूंटी के एसपी मनीष टोप्पो, एसडीपीओ वरुण रजक समेत अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। एसपी मनीष टोप्पो ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि राहुल पर मुरहू थाना में छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर आरोपित को मुरहू थाना लाया गया था। एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांचोंपरांत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जानकारी के अनुसार, मुरहू थानांतर्गत माहिल गांव के कुछ लोगों द्वारा सोमवार शाम गांव की एक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में राहुल मांझी को पकड़ कर मुरहू थाना की पुलिस को सौंपा गया था। इस संबंध में आरोपित राहुल मांझी पर मुरहू थाने में छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया था।

**स्वजनों ने लगाया राहुल की हत्या का आरोप :** मंगलवार सुबह मुरहू थाना परिसर के टॉयलेट में आरोपित राहुल मांझी द्वारा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना की जानकारी जब उसके स्वजनों को मिली, तो वे सन्न रह गये। घटना की पुष्टि के लिए मृतक के पिता अशोक मांझी, पत्नी आभा देवी समेत अन्य स्वजन तुरंत मुरहू थाना पहुंचे, जहां घटना की पुष्टि होते ही स्वजन फूट-फूट कर रोने लगे और राहुल की हत्या का आरोप लगाते हुए राहुल को अगवा कर पुलिस को सौंपने वाले माहिल गांव के लोगों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। स्वजनों का कहना है कि राहुल मांझी सोमवार की शाम अपने पांच वर्षीय पुत्र के साथ माहिल गांव गये थे, जहां उस पर माहिल गांव की एक लड़की के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगा। विवाद बढ़ने पर राहुल वहां से भाग कर अपने गांव मेराल लौट आये। बाद में एक ऑटो पर सवार होकर माहिल गांव के कुछ लोग मेराल पहुंचे और राहुल को जबरन उठाकर अपने साथ ले गये।

## मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव निलंबित

इस मामले में कार्रवाई करते हुए एसपी मनीष टोप्पो ने मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव को निलंबित कर दिया है। मुरहू थाने की कमान पूर्व में मुरहू के प्रभारी रह चुके हैं गॉडविन केरकेट्टा को सौंप गयी है। यह जानकारी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी।

# बुंडू के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं उमड़ी भीड़







आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** मां का पट खुलते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। बुंडू नगर की जनकल्याण समिति में इस बार काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया गया है एवं आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है। वहीं बुंडू के बजरंग दल में काल्पनिक मंदिर का प्रारूप तैयार किया गया है साथ ही स्वचलित मूर्तियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। बुंडू की श्याम सुंदर भूदेव समिति में काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया गया है। यहां आने वाले लोग मां दुर्गा के दर्शन के साथ-साथ राधा रानी मंदिर के साक्षात कृष्ण राधा का भी दर्शन कर रहे हैं। मिलन मंदिर सेवा संघ में इस बार स्वचालित मूर्ति नहीं किया गया है तथा इंडिया गेट का प्रारूप तैयार किया गया है। वहीं बिहार क्लब उड़ीसा के प्रसिद्ध जगन्नाथ पुरी धाम का 75 फीट ऊंचा मंदिर का प्रारूप तैयार किया गया है बिचका टोली, सोनाहातू रोड़ में काल्पनिक मंदिर का प्रारूप तैयार किया गया है। शिव शक्ति क्लब में काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया गया है, वहीं बजरंग संघ में काल्पनिक मंदिर के अलावे स्वचालित मूर्तियों का प्रदर्शन किया जा रहा है जहां बड़ी संख्या में भक्ति पहुंच रहे हैं। श्री राम सेना क्लब में काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया गया है।





## हरिहरगंज में पुलिस के नाम पर व्यवसायी से पांच लाख रुपये जेवरात की ठगी

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात अपराधियों ने एक जेवरात विक्रेता से करीब पांच लाख रुपये के गहने ठग लिये। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है। जब औरंगाबाद जिले के अंबा बाजार निवासी जेवरात विक्रेता अवधेश प्रसाद स्कूटी से ढाब गांव जा रहे थे। पीड़ित ने बताया कि वह ग्राहकों की मांग पर सोने के जितिया, कान की बाली, टप, लॉकेट, नथुनी सहित कुल 24 जोड़ी जेवरात लेकर निकले थे। रक्सेल तेंदुआ गेट के पास एनएच 139 किनारे बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और डिक्की की जांच करने लगे। इसी दौरान उन्होंने जेवरात की थैली और मूंगा-मोती जड़ी 7 ग्राम की सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गये। पीड़ित के अनुसार, सभी आभूषणों की कीमत करीब पांच लाख रुपये थी। इस संबंध में हरिहरगंज थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है और पुलिस टीम छानबीन में जुट गई है।

## हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख ने पूजा पंडालों में मां का दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने मंगलवार को क्षेत्र के टोंगरा एवम अलिमदद के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। साथ ही हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र की जनता की तरक्की, विकास तथा सुख-शांति के लिए मंगल कामना की। मौके पर मुखिया विजय राम, अखिलेश सिंह, विजय सिंह, सतेंद्र सिंह, नारायण सिंह, अनुज सिंह, कृष्णा कुमार, गोपाल सिंह समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मां भगवती क्लब ने किया अष्टमी पूजा



ऊंटारी रोड़(पलामू)(आजाद सिपाही)। मुरमा कला मां भगवती क्लब ने मंगलवार को अष्टमी पूजा किया। इस अवसर पर मां दुर्गा के नो रूपों को सजाया गया। मौके पर उपस्थित मां भगवती क्लब के सभी सदस्य अध्यक्ष मिथलेश सिंह, सचिव मनोज चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अरूण कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष साकेत कुमार पासवान, पवन पासवान, निरंजन ठाकुर, गुड्डू कुमार, छोटू दुबे, उमेश सिंह, शंकर सिंह, रमेश सिंह, गणेश, विकास, अभिषेक, गोलू, सूरज सहित कई लोग मौजूद थे।

## दंडाधिकारी और पुलिस अवर निरीक्षक ने पूजा पंडाल का लिया जायजा



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। शहर के मेन बाजार स्थित पूजा पंडाल का दंडाधिकारी अजीत कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक रंजित कुमार सिंह ने नवरात्र के महाष्टमी पर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारीयों ने जामा मस्जिद बंजारी मोड़ सहित कई स्थानों पर भ्रमण कर जायजा लिया और पूजा समिति के सदस्यों से मिल कर कई सुझाव दि। इस मौके पर समिति के सचिव विकाश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष संतोष प्रजापति और पुलिस बल शामिल थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला- छतरपुर मुख्य सड़क के चमेली भवन के पास सोमवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर मंगलवार की सुबह उत्तेजित ग्रामीणों ने जपला -छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम करीब सात बजे हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डंडिला गांव निवासी दशरथ रजवार का पुत्र मुकेश कुमार राजवंशी 25 वर्ष अपने बाइक से जपला से वापस अपने गांव जा रहा था, इसी क्रम में चमेली भवन के समीप तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। जाम स्थल पर बैठे ग्रामीणों को समाजसेवी कृष्णा बैठा, विनय पासवान, ओम प्रकाश राजवंशी, मुकेश मेहता ने तत्काल सहायता देने की मांग की। अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने मृतक के पिता दशरथ रजवार को 20 हजार रुपये का चेक सौंपा और अन्य सहायता दिलाने का आश्वासन व चेक मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

ऊंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के ऊंटारी थाने के डेवडर गांव में चल रहे दुर्गा पूजा की आरती के दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी है। घटना सोमवार की रात करीब नौ बजे की है। मृत युवक की पहचान उसी गांव के अनिल शर्मा के 22 वर्षीय लवकेश शर्मा के रूप में कई गयी है।

# 14 पेटी विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



मनातू (पलामू)। जिले के मनातू थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन से 14 पेटी देशी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से शराब तस्कर दीपक कुमार, जितेंद्र कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि समय करीब 08.15 सुबह गुप्त सूचना मिली की एक ग्रे रंग का मारूती सुजुकी इको गाड़ी में ग्राम चक की ओर से अवैध बिदेशी शराब को लेकर मनातू थाना की ओर आ रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू एक छापामारी टीम का गठन किया। जिसमें मैं स्वयं पुअनि सुरेंद्र उरांव, सअनि सत्येंद्र कुमार, आ0/20 मनोज राम एवं आ0/83 जितेंद्र उरांव टीम में शामिल थे। सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त वाहन का जांच किया जांच के दौरान पाया कि वाहन मारूती सुजुकी ग्रे रंग का इको गाड़ी है, जिसमें चालक के अलावा एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था और वाहन के बीच के हिस्से में चादर से छिपा कर 14 (चौदह) बंद पेटी में सामान रखा हुआ पाया गया।

पूछने पर बताया गया कि सभी पेटी में अंडा रखा हुआ है। जब सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त सभी पेटियों को खोल कर देखा गया तो पाया कि सभी पेटी में विदेशी शराब का सील बंद बोतल रखा हुआ है। जब उनसे उसका कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया, तो उनके द्वारा उक्त विदेशी शराब का कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। तत्पश्चात वाहन रजि० नं0-JH01CS-2171 के चालक एवं वाहन में बैठे अन्य एक व्यक्ति से नाम पता पूछने पर वाहन चालक के द्वारा अपना नाम दीपक कुमार उम्र करीब 31 वर्ष पिता स्वः अशोक राम ग्राम +पो० - कुसहा, थाना - कांडी, जिला गढ़वा एवं वाहन में बैठे अन्य एक व्यक्ति के द्वारा अपना नाम जितेंद्र कुमार गुप्ता उम्र करीब 38 वर्ष पिता स्व० जगरनाथ प्रसाद गुप्ता ग्राम सिंदुरिया, थाना भवनाथपुर, जिला -गढ़वा बताये।

# न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय पहुंचे पलामू दुर्गा बाड़ी पहुंचकर सपरिवार किया पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय मंगल वार की सुबह अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक अनौपचारिक दौरे में पलामू पहुंचे। वे मेदिनीनगर के बंगीय दुर्गा बाड़ी पहुंचकर वहां आयोजित संधि पूजा में शामिल हुए। दुर्गा बाड़ी पहुंचने पर पलामू की एसपी रिश्मा रमेशन और दुर्गा बाड़ी के पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। दुर्गा बाड़ी से रवाना होने से पहले उन्होंने यहां की परंपरा और पूजा पद्धति की काफी तारीफ की।

बंगीय दुर्गा बाड़ी के ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष शुभंकर चक्रवर्ती, सचिव जयंत विश्वास, अरूप चक्रवर्ती, सुमित भट्टाचार्य, मुनमुन चक्रवर्ती, आभा मुखर्जी, आशीष दाश गुप्ता, पीपी दाश गुप्ता, नंदोब्रतो बोरॉल, प्रसेनजीत दाश गुप्ता, शिवेश मोइत्रा, मल्लिका मोइत्रा, पृथा भट्टाचार्य, पायल मोइत्रा, नूपुर मोइत्रा आदि सदस्यों ने संयुक्त रूप से जज व उनकी पत्नी को सम्मानित किया। उन्हे स्मृति चिन्ह के रूप में दुर्गा प्रतिमा की तस्वीर दी गयी। कार्यक्रम का संचालन बंगाली समिति की सचिव सैकत चटर्जी ने की।

# ग्रामीणों ने कहा कि हमारी सुध ले सरकार जर्जर हो चुकी सड़क का जल्द हो निर्माण

**कंचनपुर में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के पैसे से बनी सड़क का हुआ उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



छतरपुर। कचनपुर स्वर्ण भूमि स्थल के निकट टोला लंगड़ीतर की मंईयां योजना की लाभुक महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के पैसे और श्रमदान से नर्क बन चुकी गांव की सड़क का कुछ दिन पहले ही जीर्णोद्धार किया था, तब महिलाओं ने कहा था कि हमारी सुध ले राज्य की सरकार, छतरपुर विधायक सह वित्तमंत्री और जिले के अधिकारीगण। मरम्मत की गयी सड़क की पीड़ा को सरकार और अधिकारियों तक पंहुचाने के लिए सैकड़ों महिला-पुरुषों और युवाओं ने मरम्मत स्थल पर मरम्मत के बाद दीप जलाकर और नारियल फोड़ कर सड़क का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद चुनमून ने मातृशक्ति को नमन किया और कहा कि नवरात्रि में पूजा के दौरान माताओं और बहनों ने नारीशक्ति का अद्वितीय उदाहरण पेश किया है, अब सहानुभूति पूर्वक हमारी सरकार, वित्तमंत्री और पलामू डीसी और बीडीओ संवेदनशीलता दिखलाते हुए सड़क का निर्माण करवाएं।

मंईया सम्मान योजना की जिन लाभुकों ने अपना हौसला और जज्बे से यह कर दिखाया है उनमें विभा कुमारी, गीता कुमारी, आशा देवी, मंजू देवी, चिंता देवी, सोनी देवी, प्रेमशिला देवी, प्रतिमा देवी, पिंकी देवी, सुषमा देवी, उषा देवी, शर्तिमा देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, विमला देवी, बेबी देवी, प्रीति कुमारी, बसंती देवी, प्रियंका, शोभा, पुष्पा, रीना कुमारी, दीपक सरकार, प्रशांत, जीतेंद्र, अभिषेक, अमन, राहुल, गौतम, कुलेशर, तापेशर, माजू, आनंद, उदय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## दुर्गा अष्टमी पर महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण



देवघर (आजाद सिपाही)। नवरात्र की महाष्टमी पर झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार की ओर से जसीडीह स्थित वार्ड नंबर-1 के संथाली मोहल्ला में महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में देवघर जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रमिला देवी, देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मणिकांत यादव एवं देवीपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमाकांत कुमार मौजूद थे। उक्त अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में एवं शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की भी अपील की। अजय कुमार ने कहा कि नवरात्र में देवी की उपासना की महत्ता है। समाज में महिलाओं को देवी और शक्ति का स्वरूप माना गया है, इसलिए उनके बीच साड़ी का वितरण किया गया।

# रासलीला भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : हितेंद्र अवस्थी

**डंडीला खुर्द में चल रहे रासलीला में उमड़ रही दर्शकों की भारी भीड़**

**श्री अवस्थी ने कहा कि डंडीला खुर्द गांव को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का प्रयास ग्रासिम प्रबंधन द्वारा किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी।

विश्रामपुर (पलामू)। नवरात्र के अवसर पर डंडीला खुर्द में चल रहे रासलीला के आठवें दिन ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। उन्होंने राधा-कृष्ण की विशेष पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष जयकांत शुक्ला व संचालन प्रधान संरक्षक प्रो नंदलाल शुक्ला ने किया। हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि वैसे तो रासलीला कृष्ण की गोपियों के प्रति प्रेम को दशार्ती है। लेकिन इसका असली अर्थ आत्मा के परमात्मा से जुड़ने का आध्यात्मिक प्रेम है। इसमें लीलाओं के माध्यम से सांसारिक मोह माया को त्याग कर ईश्वर के प्रति समर्पित होने का संदेश दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रासलीला केवल एक प्रदर्शन कला नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिकता और भक्ति की एक जीवंत अभिव्यक्ति है। यह हमें कृष्ण के जीवन की घटनाओं और उनके प्रेम के दिव्य स्वरूप की याद दिलाती है। रासलीला एक प्राचीन और महत्वपूर्ण कला है, जिसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर माना जाता है। जिसको बचाये रखने की जिम्मेवारी हम सब की है। श्री अवस्थी ने कहा कि डंडीला खुर्द गांव को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का प्रयास ग्रासिम प्रबंधन द्वारा किया जायेगा। गांव के बच्चे केमिकल व तकनीकी शिक्षा ग्रहण करें, उन्हें यहीं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इधर रासलीला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मथुरा वृंदावन से आये कलाकार भी भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत चरित्र चित्रण कर लोगों का मन मोह ले रहे हैं। मौके पर सीएसआर के अनिल गिरी, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कुंदन शुक्ला, विक्की शुक्ला, विष्णु शुक्ला, प्रभात दुबे, राश बिहारी शुक्ला, सुशील शुक्ला, शशिकांत शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, मदन शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग, पूजा समिति के पदाधिकारी - सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# देवघर एसपी ने निकाला फ्लैग मार्च दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**एसपी सौरभ कुमार ने आयोजकों से अपील की कि प्रशासन को हर संभव सहयोग दें**

आजाद सिपाही संवाददाता



मधुपुर। दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देवघर एसपी सौरभ कुमार ने मंगलवार को मधुपुर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने शहर के नगर पालिका रोड, राज बाड़ी रोड, पोस्ट आफिस रोड,गांधी चौक, थाना रोड समेत श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर, जगत जननी दुर्गा पूजा न्यु कॉलोनी, गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर समेत पर मुख मार्गों पर पैदल मार्च कर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने ने विसर्जन रूट का भी जायजा लिया। एसपी सौरभ कुमार ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर समितियों के पदाधिकारियों से मुलाकात की और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि प्रशासन को हर संभव सहयोग दें। मौके पर एसडीपीओ सत्येन्द्र प्रसाद व थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। एसपी सौरभ कुमार ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। फ्लैग मार्च से लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास की भावना जगी। मौके पर देवघर डीएसपी सतेंद्र प्रसाद, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नागेंद्र मंडल, अंचल पुलिस निरीक्षक देवेश कुमार भगत, सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद नईम, औरंगजेब, युसूफ मल्लिक, शौकत खान, एएसआई सामंत कुमार, समेत पुलिस के जवान मौजूद थे।

# राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो : झासा

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। रांची सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार मामला गहराया जा रहा है। देवघर सदर अस्पताल के वरीय दंत चिकित्सा पदाधिकारी सह झासा के राज्य संयोजक डॉ. शरद कुमार ने कहा कि विभाग को राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों और कर्मियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करानी चाहिए। जब तक चिकित्सक और कर्मी सुरक्षित नहीं रहेंगे, वे लोग भय के वातावरण में जरूरतमंदों को इलाज भी नहीं कर पायेंगे। डॉ. शरद कुमार ने कहा कि राज्य में अब तक भी मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हो पाया, जबकि बिहार सहित देश के लगभग सभी राज्यों में यह एक्ट लागू है। पिछले दस वर्षों से राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी चिकित्सक आईएमए और झासा के बैनर तले इस मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने के लिए कई बार आंदोलन भी हो चुके है पर नतीजा कुछ भी नहीं निकला। झासा संगठन सरकार और विभाग से मांग करती है कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू हो, ताकि चिकित्सक भयमुक्त हो कर अपनी सेवा दे सके। डॉ कुमार ने इसके अलावा विभाग से मांग की है कि चिकित्सकों को बिहार और केंद्र के तर्ज पर डीएसीपी का लाभ मिले। लंबित सेवा संपुष्टि, डीएसीपी और प्रोन्नति जल्द से जल्द चिकित्सकों को प्रदान करे। इन लंबित मांगों को लेकर राज्य भर के चिकित्सकों को काफी रोष व्याप्त है। अगर विभाग उपरोक्त मांगों को ले कर गंभीर नहीं हुई तो संगठन राज्य कार्यकारिणी की बैठक में आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा।

## इलाज करवा कर लौटे सुरेश कांग्रेसियो ने पूछा कुशलक्षेम



देवघर (आजाद सिपाही)। स्थानीय विधायक सुरेश पासवान इलाज करवा कर अपने गांव पुनासी लौट गये हैं। मंगलवार को झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मणिकांत यादव एवं देवीपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमाकांत कुमार ने देवघर विधायक सुरेश पासवान से पुनासी स्थित आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कांग्रेसियों ने लगातार उनकी सेहत में सुधार को देखकर प्रसन्नता जाहिर की तथा माता रानी से जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## मधुपुर : जगत जननी दुर्गा पूजा समिति न्यू कॉलोनी में डांडियां कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

मधुपुर। नवरात्रि के अवसर में जगतजननी दुर्गा पूजा समिति न्यू कॉलोनी में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के द्वारा गीतों के धुन पर डांडिया खेला व डांस किया. यह कार्यक्रम उत्साह व उमंग से भरपूर रहा. डांडिया का आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने व सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी करने का अवसर मिलता है। इस आयोजन में महिलाओं के साथ -साथ बच्चों ने भी एक से बढकर एक डांस प्रस्तुत कार सभी को आनंदित किया। मौके पर कमिटी ने भी महिलाओं की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद कहा है।

# देवघर में महाष्टमी पर मां दर्शन को उमड़ी भीड़, महानवमी आज

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। देवनगरी में दुर्गोत्सव की धूम है। चहुंओर मां की उपासना हो रही है। मंगलवार को महाष्टमी पर मां के दर्शन और पूजन को लेकर मंडल, वेदी और पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार को महानवमी है। देवघर में तंत्र और वैष्णव दोनों पद्धति से मां दुर्गा की पूजा होती है। अपर बिलासी पूजा समिति की ओर से करीब सवा करोड़ का पूजा पंडाल बनाया गया है। पंडाल को राजस्थान के राज दरबार का रूप दिया गया है। वहीं कृष्णापुरी में तिरुपति बाला मंदिर के आकार का पंडाल बनाया गया है। बरनवाल सेवा सदन, आरएल सर्राफ स्कूल, गौशाला में भी आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है। शिवलोक में भी थीम आधारित पंडाल बनाया गया है। शहरी इलाके में कुल 51 स्थानों पर मां की प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना की जा रही है।

देवघर नगर निगम क्षेत्र में 51 स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा प्रतिमा बनाकर की जा रही है। इसमें जसीडीह बाजार दुर्गा मंदिर, चांदपुर दुर्गा मंदिर, जमुनिया, रोहिणी हटिया, पागल बाबा आश्रम, संथाली दुर्गा मंदिर, सिंघवा दुर्गा मंडप, चंदाजोरी दुर्गा मंदिर, बेलाबगान दुर्गा मंदिर, बसमता दुर्गा मंदिर, कल्याणपुर दुर्गा मंदिर, कोरियासा दुर्गा मंदिर, खुदाबक्स लाइब्रेरी दुर्गा मंडप, हृदयकुंड दुर्गा मंदिर, हदहदिया पुल, तिवारी चौक, सलौनाटांड दुर्गा मंदिर, हिन्दी विद्यापीठ पूजा पंडाल, दर्शनिया मोड़ पूजा पंडाल, मातृ मंदिर पूजा पंडाल, अखाड़ा दुर्गा मंदिर, डोमासी दुर्गा मंदिर, कन्या पाठशाला पूजा पंडाल, बंगला मंडप दुर्गा मंदिर, बाबा वैद्यनाथ मंदिर दुर्गा मंदिर, अभयादर्शन, शिवगंगा दुर्गा पूजा पंडाल, घड़ीदार घर दुर्गा मंदिर, श्यामाचरण मिश्र लेन, दुर्गा मंडप, गोविन्द खवाड़े लेन दुर्गा मंडप, भैया दलान, ऊपर बिलासी पूजा पंडाल, बीच बिलासी पूजा पंडाल, नीचे बिलासी पूजा पंडाल, संस्कृत पाठशाला पूजा पंडाल, बैद्यनाथपुर मोड़, आरएल सर्राफ स्कूल पूजा पंडाल, पुनसिया बांध, करनीबाग, गौशाला पूजा पंडाल, काली राखा, सारवां रोड पूजा पंडाल, डीएवी स्कूल कास्टर टाउन, बरियारबांधी दुर्गा मंडप, चितोलौढ़िया दुर्गा मंडप, देवसंघ दुर्गा मंडप, कार्तिक ऑप्शन प्लाजा पूजा पंडाल, बरनवाल धर्मशाला पूजा पंडाल शामिल हैं।

# एशियन हॉस्पिटल, धनबाद में नयी और आधुनिक कैथ लैब मशीन का उद्घाटन

**आधुनिक कैथोलिक मशीन से कार्डियक, न्यूरो, स्पाइन और एब्डोमिनल की बीमारियों की होगी सघन जाच और इलाजः डॉ. अद्वैत आकाश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एशियन हॉस्पिटल, धनबाद ने इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए अत्याधुनिक सीमेंस आर्टिस जी इमेजिंग सिस्टम आधारित कैथ लैब मशीन का 30अक्टूबर मंगलवार को सफल उद्घाटन किया है। इस नवीनतम तकनीक से लैस मशीन के माध्यम से अब मरीजों को तेज, सटीक और सुरक्षित उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। यह मशीन खासकर दिल (कार्डियक), दिमाग (न्यूरो), रीढ़ की हड्डी (स्पाइन), और पेट (अब्डोमिनल) से जुड़ी बीमारियों की जांच और इलाज के लिए उपयोगी है। जिससे अब धनबाद और आस-पास के क्षेत्रों के मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर एशियन हॉस्पिटल के निदेशक व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एन के पांडेय ने कहा ने कहा हमारा उद्देश्य है कि हम धनबाद और झारखंड के मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करायें। सिमेंस आर्टिस जी प्रणाली के साथ, हम उच्च गुणवत्ता वाली इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी प्रक्रियाएं और जीवनरक्षक उपचार को और अधिक सुलभ एवं सुरक्षित बना पायेंगे।

एमबीबीएस में गोल्ड मेडल, एमडी में गोल्ड मेडल, पूर्व में सहायक प्रोफेसर कार्डियोलॉजिस्ट विभाग, सीएमसी, वेल्लोर डॉ. अद्वैत आकाश जो अब एशियन धनबाद में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट हैं और उन्हें धनबाद के बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञों में गिना जाता है। उन्हें दिल की बीमारियों के इलाज में 10 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने देश के नामी संस्थानों से प्रशिक्षण लिया है और कई बड़े अस्पतालों में काम किया है। जैसे कोरोनरी इंटरवेंशन (दिल नसों का इलाज,कोरोनरी इमेजिंग (दिल की नसों की जांच करने की आधुनिक तकनीक), कोरोनरी एंजियोप्लास्टी और एंजियोग्राफी (हृदय की धमनियों की जांच और ब्लॉकेज को खोलने की प्रक्रिया), पेरिफेरल एंजियोप्लास्टी और एंजियोग्राफी(शरीर के अन्य हिस्सों की धमनियों की जांच और इलाज, जैसे हाथ या पैर) रोटाब्लेशन- (कैल्शियम से जमी धमनियों को घिसकर खोलने की तकनीक), इंट्रावैस्कुत्तर लिथोट्रिप्सी- (धमनियों में जमा कठोर कैल्शियम को तोड़ने की आधुनिक तकनीक आदि के उपचार और जांच में अनुभवी है। डॉक्टर अद्वैत आकाश ने कहा उपरोक्त जांच और उपचार के लिए हुए 24 घंटा एशियन हॉस्पिटल में उपलब्ध है। और रात के समय इमरजेंसी में भी गंभीर मरीज के आने पर वह 5 मिनट के अंतराल में वह अस्पताल में मरीज के उपचार के लिए उपलब्ध हो जायेंगे।

**एशियन हॉस्पिटल 24 घंटा सेवा में तत्पर रहेगा : अनुपम**

अनुपम पांडे ने मशीन की कुछ खास खूबियों के बारे में बताया कि इस मशीन में मरीजों और डॉक्टरों के लिए कम रेडिएशन निकलेगी जिससे सुरक्षा बढ़ेगी, साफ और बेहतर तस्वीरें लेकर बीमारी का सटीक पता लगाना, अलग-अलग कोणों से जांच की सुविधा है जिससे इलाज और बेहतर होगा। अनुपम पांडे ने सभी धनबाद वासिओं को नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुए कहा कि एशियन हॉस्पिटल हर विभाग में सभी की 24 घंटा सेवा में सक्रिय है। उन्होंने संदेश दिया कि अपने हृदय और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सतर्क एवं सचेत रहें, नियमित जांच करवायें।

# बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से सितंबर 2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन उपस्थित रहे। समारोह के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया। सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया।

अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। सितंबर'2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 06 अधिशासी एवं 21 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

समारोह के अंत में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया।

अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट, अधिशासी निदेशक (एस आरयू) पीके रथ, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, बीजीएच प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी, आलोक वर्मा ने सुरेश रंगानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनायें दीं।

# डोमगढ़ दुर्गा पूजा पंडाल का अनुपमा सिंह ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर पंडाल का उद्घाटन किया। अनुपमा सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव भी है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जब हम सब मिलकर एकजुट होते हैं तो किसी भी बुराई पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस पंडाल में श्रद्धा के साथ-साथ कला और संस्कृति का भी सुंदर संगम दिखाई देता है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और आपसी सद्भावना को और मजबूत बनाते हैं।

# चित्रगुप्त पूजा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी सिनीडीह टीम का लाला टोला में भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/सीनिडीह।** इस वर्ष चित्रगुप्त पूजा को विशेष और ऐतिहासिक बनाने की दिशा में कायस्थ समाज ने कमर कस ली है। श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार बाघमारा अंचल के प्रतिनिधिमंडल ने सिनीडीह चित्रगुप्त पूजा की तैयारियों के तहत तेलमोच्चो स्थित जमडीहा लाला टोला का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य आगामी पूजा कार्यक्रम को और अधिक भव्य, संगठित एवं सामुदायिक एकता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करना है। दौरे की शुरूआत सभी सदस्यों द्वारा महाअष्टमी के अवसर पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से हुई। इसके उपरांत चित्रांशों ने इस वर्ष की चित्रगुप्त पूजा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यह स्पष्ट किया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी महेशपुर पेट्रोल पंप के निकट पंचायत सचिवालय में भगवान श्री चित्रगुप्त की सामूहिक बिरादरी पूजा बड़े धूमधाम से संपन्न होगी। महापरिवार बाघमारा अंचल के अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा ने सभी चित्रांशों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक लोगों को पूजा में आमंत्रित करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को निमंत्रण पत्र भी वितरित किया। संरक्षक उमेश श्रीवास्तव ने विश्वास जताया कि हर बार की तरह इस वर्ष भी बाघमारा अंचल के चित्रांश मिलकर अपनी एकता का प्रदर्शन करेंगे। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष राजा लाला ने बताया कि इस बार विद्युत सज्जा और बाहरी साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक हो। इस दौरे में संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत दयाल, अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष समीर कुमार लाला, उपाध्यक्ष गौरव सिन्हा, सह सचिव नीरज सिन्हा, मनोज सिन्हा, अनुज सिन्हा, रमेश सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, अमित सिन्हा, सुजीत कुमार सिन्हा, अनमोल लाला समेत कई गणमान्य चित्रांश शामिल रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह में कामगारों को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** अफसर्स क्लब कथारा में सम्मान समारोह का आयोजन कर सीसीएल कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना और महाप्रबंधक कार्यालय से सेवानिवृत हुए 17 की संख्या में कमागारो को उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर विदाई देने का कार्य हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) माधुरी मड़के, महाप्रबंधक के तकनीकी सलाहकार राहुल कुमार उपस्थित रहे। वही कथारा क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य के रूप में विजय कुमार सिंह, मो इकबाल अहमद, राजू स्वामी, मथुरा सिंह यादव और शमसूल हक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (मानव संसाधन) सूर्य प्रताप सिंह ने की। यहां विचार रखते हुए प्रतिनिधियों ने दुर्गा पूजा पर्व की शुभेच्छा देते हुए सेवानिवृत हुए कामगारो के उज्वल भविष्य की कामना की। वही सेवानिवृत होने वाले कामगारो को नौकरी काल में दायित्व के निर्वाहन की वजह से जो शौक और सात्विक इच्छा बची, उसे पूरा करने की बात कही। प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गयी कि ज्यादातर सदस्यों का पीएफ और ग्रेच्युटी भुगतान की कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गयी है। वही पेंशन के लिए भी प्रक्रिया को पूरा करने का कार्य किया गया है। यहां एसीसी सदस्यों और अधिकारियो ने सेवानिवृत कामगारो को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, धार्मिक पुस्तक, पौधा और विभिन्न प्रकार का उपहार देने का कार्य किया। वही सभी को फूल का माला पहना और शाल ओढ़ाकर उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करने का कार्य किया गया।

# 2 अक्टूबर को सिंदरी शिव मंदिर में होगा ऐतिहासिक रावण दहन

## रावण का पुतला लगभग बनकर तैयार : दिनेश सिंह

**कलाकार राजन तिवारी ने 65 फीट लंबे और 40 फीट चौड़े रावण का पुतला बनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** आगामी 2 अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजयादशमी के दिन सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर में ऐतिहासिक रावण दहन किया जायेगा। इसके लिए मंदिर कमेटी सचिव सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने रावण दहन समिति के साथ मंदिर कार्यालय में बैठक किया।

शिव मंदिर सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि कलाकार राजन तिवारी द्वारा 65 फीट लंबे और 40 फीट चौड़े रावण का पुतला लगभग बनकर तैयार हो गया है। बुधवार को रावण का पुतला को दर्शनार्थ खड़ा किया जायेगा।

सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि रावण दहन के लिए प्रशासन तैयार है। जगह जगह बैरीकेडिंग की जा रही है।

बैठक में कामेश्वर सिंह, सुनिल सिंह, बृजेश सिंह, विदेशी सिंह, संजय सिंह, सुरेश सिंह, रासबिहारी सिंह, कुंदन विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# राजगंज में मां महागौरी की आराधना

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजगंज।** शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर सेवा समिति राजगंज की ओर से मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की पूजा बड़े ही धूमधाम और गहन भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। प्रातःकाल से ही मंदिर और पंडाल में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई मां की एक झलक पाने को आतुर दिखा।

मंदिर प्रांगण 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥' जैसे मंगल मंत्रों से गूंजायमान रहा। भक्ति और आध्यात्मिकता से भरे इस वातावरण में श्रद्धालु अपने कष्ट हरने और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना लेकर मां के चरणों में नतमस्तक हुए।

**मां महागौरी की महिमा :** मान्यता है कि मां महागौरी के पूजन से समस्त पापों का नाश होता है और साधक को निर्मल मन, पवित्र हृदय तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है।

पूरे राजगंज बाजार में नवरात्र की रौनक देखते ही बनती थी। मंदिर और पंडाल परिसर में इतनी भीड़ रही कि खड़े होने तक की जगह न बची। भीड़ प्रबंधन हेतु मंदिर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गयी तथा कतरास की ओर से आने वाले रास्तों को बैरिकेडिंग कर परिवर्तित किया गया।

पूरे आयोजन की विधिवत देखरेख थाना प्रभारी अलीशा कुमारी ने स्वयं संभाली और सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहने दी। समिति के सभी सदस्य व्यवस्था बनाये रखने में सतत सक्रिय रहे। श्रद्धालु मां महागौरी के दर्शनों को अपने जीवन का सौभाग्य मानते हुए इस महापर्व में शामिल हुए। भक्ति, अनुशासन और उत्साह से भरा यह आयोजन मां के आशीर्वाद से अद्भुत और ऐतिहासिक बन गया।

# सेवानिवृत्त नौ सीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो(बेरमो)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम ऑफिस स्थित सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर सितम्बर महीने मे 9 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दिया गया। इसकी अध्यक्षता क्षेत्र के जीएम रंजय सिन्हा तथा संचालन कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम ने किया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों मे एसडीओसीएम परियोजना से दम पात्रा, गणेश महतो, भगवान नाहक, ढ़ोरी खास परियोजना से रावण मांझी, रिजनल स्टोर से महेंद्र राम, जीएम यूनिट से नारायण मांझी, खगेश्वर महतो, केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी से शांति देवी, एएडीओसीएम परियोजना से महेश महतो है। जीएम श्रीसिन्हा सहित तमाम अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। जीएम श्रीसिन्हा ने कहा कि जब हम ज्वॉइन होते है तभी सेवानिवृत का समय भी तय हो जाता है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने सभी के साथ बेहतर संपर्क रखते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाया है। भविष्य का जीवन खुशी के साथ बीते इसकी उन्होंने कामना की। यूनियन प्रतिनिधियों ने भी सभी सेवानिवृत कर्मियों को जीवन के अगली पारी की शुभकामनाएं दी। धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम द्वारा दिया गया। इस अवसर पर एसओपी कुमारी माला, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिन्हा, यूनियन प्रतिनिधि में विनय कुमार सिंह, बैद्यनाथ महतो, विकास सिंह जवाहरलाल यादव, जितेंद्र दूबे, महेंद्र चौधरी, अरुण कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सरिया में डीसी-एसपी ने मंडलों का निरीक्षण कर की पूजा अर्चना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सरिया प्रखंड के भगला काली दुर्गा मंदिर में आज गिरिडीह जिला उपायुक्त (डीसी) रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेनु तथा बगोदर पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया साथ ही सरिया स्थित भगला काली दुगार्बाड़ी में विधिवत पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया।

पूजा के बाद अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे। मंदिर में डीसी-एसपी के आगमन से श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। वहीं साथ में सरिया एसडीएम संतोष कुमार गुप्ता एसडीपीओ धनंजय कु राम सीओ संतोष कुमार पुलिस निरक्षक संजय कुमार थाना प्रभारी आलोक कु सिंह साथ मे राजू मंडल टिंकू साव हेमलाल मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# निरसा अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** निरसा अनुमंडल पुलिस महकमा दुर्गा पूजा के लिए अलर्ट मोड पर है, इसी कड़ी में मंगलवार को निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में सभी थाना एव ओपी पुलिस की टीम ने पैदल व बाइक से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का उद्देश्य निरसा अनुमंडल में शांति, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा का संदेश देना था।

**पैदल व बाइक से फ्लैग मार्च :** दुर्गा पूजा के मद्देनजर असामाजिक तत्वों में पुलिस प्रशासन का खौफ पैदा करने और आम नागरिकों में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम करने के मकसद से निरसा अनुमंडल पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। एसडीपीओ बाखला सहित तमाम थाना और ओपी प्रभारी तमाम प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अनुमंडल कार्यालय से यह फ्लैग मार्च निकाला गया हैं और पूरे अनुमंडल क्षेत्रों में भ्रमण किया गया, जिसमें मैथन, कालूबथान, पंचेत, चिरकुंडा, निरसा एव एमपीएल ओपी क्षेत्र भ्रमण किया गया। निरसा अनुमंडल पुलिस आप सबों के लिए तात्पर्य है किसी भी विषम परिस्थितियों में पुलिस से संपर्क करें। पुलिस अधीक्षक ने निरसा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया।

# महाअष्टमी पर भोग का वितरण

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति श्याम नगर भूली ने अपने भोग वितरण को पूरा किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति श्याम नगर भूली के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विधिवत अष्टमी का भोग वितरण कर सेवा भाव कार्य को पूरा किया। भूली ए ब्लॉक आने जाने वाले श्रद्धांलुओं को भोग में खीर पुड़ी की प्राप्ति हुई। महा अष्टमी का भोग ग्रहण कर भक्तों के बीच खुशी का माहौल दिखा। संस्था के अध्यक्ष राकेश कांति विस्वास ने कहा कि हमलोग सामाजिक कार्य के साथ साथ इसी प्रकार अपना कार्य करते रहेंगे। और मैं अपनी पूरी टीम से बात कहना चाहता हूं कि आप सब यूं ही सहयोग करते रहें और संस्था को और भी ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद करें। भोग वितरण कार्य में जो भी जिसके द्वारा सहयोग किया गया उन्हें तहे दिल से धन्यवाद।

इस कार्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के अध्यक्ष राकेश कांति विश्वास संयोजक राजेंद्र प्रसाद साहू सचिव दिलबाग सिंह, रमेश यादव, त्रिभुवन, प्रदीप श्रीवास्तव, पूर्णिमा विश्वास इंदु देवी, मंजू देवी, अमीषा कुमारी, काजल कुमारी, अमन कुमार, सोनू कुमार प्रदीप बाउरी, गौरव मुखर्जी और सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।


## केके पोद्दार के निधन पर शोक की लहर

गुमला(आजाद सिपाही)। चेंबर के पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार के निधन से शहर में शोक की लहर है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व अध्यक्ष के.के. पोद्दार जी के निधन पर चेंबर गहरे दु:ख के साथ अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।













# गुमला के पंडालों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



### डांडिया महोत्सव में जुटे हजारों श्रद्धालु देर रात तक माता के भजनों पर जमकर थिरके

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर उर्मी, अरमई, डूमरडीह श्रीदुर्गा पूजा समिति और नगर भवन द्वारा महासप्तमी की रात्रि में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकजुट हुए और माता के भजनों पर देर रात तक नाचते गाते और थिरकते नजर आए। छोटे-छोटे बच्चों के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष डांडिया में शामिल हुए। सभी लोगों ने मां दुर्गा से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात पूजा समिति के द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। डांडिया महोत्सव को लेकर पुलिस के द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। देर रात तक कार्यक्रम जारी रहा। गुमला मुख्यालय के अलावा दूर दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। घाघरा चुनरी व अन्य परिधानों से सुसज्जित होकर युवती व महिलाएं डांडिया नृत्य में शामिल हुए। नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में काफी भीड़ देखी गयी। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को पुरस्कृत भी किया गया। मुस्कुराइए आप गुमला में है संगठन के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शहर के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भी डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## सिसई पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन



सिसई (आजाद सिपाही)। भदौली कुदरा दुर्गा पूजा समिति मेन रोड सिसई के द्वारा बनाये गये भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल का सोमवार की संध्या मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक, पूजा समिति के अध्यक्ष सुदीप कुमार ओहदार (दीनू ) सहित पूजा समिति के संरक्षकों, सदस्यों और समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। पूजा समिति के अध्यक्ष द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक शिवशंकर मरांडी, पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक पीताम्बर झा, संरक्षक बनबिहारी भगत, नन्द किशोर सिंह, विपिन बिहारी झा, पंकज साहु, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, रोहित शर्मा, रामानंद सिंह, भोला जयसवाल, अनिल साहु, मुकेश ताम्रकर,मुनेश्वर साहु, अरुण नारायण सिंह, प्रेस मीडिया के उदय कुशवाहा, शम्भु चौहान, कृष्ण कुमार साहु, मदन साहु को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूजा समिति के उपाध्यक्ष जमुना पंसारी, गौतम ताम्रकर, बाबूलाल सिंह, शुभम किशोर सिंह, सचिव विक्रम ताम्रकर, सह सचिव छोटेलाल ताम्रकर, कोषाध्यक्ष सुदामा राम वर्मा, सह कोषाध्यक्ष रंजन ठाकुर, पूजा प्रभारी मिक्की केशरी, रक्षित गुप्ता हर्ष कुमार वर्मा, रितिक ताम्रकर, विश्वजीत चटर्जी, मीडिया प्रभारी शुभम गुप्ता ,संरक्षक हेमंत गुप्ता, विक्रांत सिंह, सचिन वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, जवाहर जयसवाल, बसंत गुप्ता, पन्ना वर्मा, जनार्दन साहु, गोपाल केशरी, पुरुषोत्तम ताम्रकर सहित पूजा समिति के कार्यकारणी सदस्यगण, समाजसेवी और भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## इस वर्ष ज्योति संघ दुर्गा पूजा का 49वां वर्षगांठ



गुमला (आजाद सिपाही)। ज्योति संघ पुरे शहर का केंद्र बिंदु माना जाता है, और ज्योति संघ के प्रांगण में वर्ष 1977 से दुर्गा मां को अनवरत विराजमान कराया जा रहा है। ज्योति संघ के मुख्य संरक्षक बद्री नाथ गुलाशन ने बताया कि जब से यहां दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई तब से हम और हमारे साथी सेवा दे रहे हैं। ज्योतिष संघ का कलाकार मंच गुमला में काफी प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि 1977 - 80 के कालखंड में हम लोग महज 1200 से1 500 रुपए की लागत में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से मना लेते थे। आज लगभग 6 लाख रुपए खर्च होते हैं। उसे समय टेंट हाउस और डेकोरेटर नहीं हुआ करते थे। हम लोग खुद ही खूंटा गाड़ के तिरपाल लगते थे, और वहां मां दुर्गा विराजती थी। यहां संतानी पद्दित से पूजा होती है। इस वर्ष ज्योति संघ दुर्गा पूजा का 49वां वर्षगांठ है।

## गुमला का बड़ा दुर्गा मंदिर में बना पंडाल बना आकर्षण, 1931 से जारी परंपरा



गुमला (आजाद सिपाही)। जिले भर में दुर्गा पूजा का नेतृत्व बड़ा दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा किया जाता है। वर्ष 1931 श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा आरंभ हुई.। इस दुर्गा मंदिर में लगातार 9 वर्ष से निर्मल गोयल अध्यक्ष और रमेश कुमार सचिव के पद पर है। यह पंडाल अरुणोदय संघ सिसई रोड गुमला के द्वारा लगाया गया है। पंडाल इतना आकर्षक है कि होलोजन की रौशनी में इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। अरुणोदय संघ के अध्यक्ष रूपक कुमार साहू बताते हैं कि वर्ष 1981 से यहां पंडाल लगाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है और तब से ही रामदयाल शास्त्री मुख्य पुजारी की भूमिला में हैं। सचिव राजेश सिंह, ने बताया कि पुरे कार्यक्रम में लगभग साढ़े छह लाख रुपये खर्च होते हैं। पंडाल सुसज्जा गुमला के झारखण्ड टेंट हॉउस के द्वारा किया गया है। अरुणोदय संघ द्वारा आयोजित जागरण कार्यक्रम का शहर में विशेष आकर्षण होता है।

## महाअष्टमी की पूजा को लेकर सभी दुर्गा पूजा पंडालों पर भक्तों की उमड़ी भीड़



कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को महाअष्टमी की पूजा को लेकर सभी दुर्गा पूजा पंडालों पर भक्तों की उमड़ी भीड़। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पोकला गेट, कामडारा बस्ती और गांव बकसपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार मां दुर्गा का प्रतिमा स्थापित की गयी है। वहीं सभी पंडालों को काफी आकर्षक ढंग से सजायी गयी है। इधर मंगलवार को महाअष्टमी की पूजा को लेकर उक्त सभी दुर्गा पूजा पंडालों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। दुर्गा पूजा को लेकर युवक-युवती, महिला पुरुष और बच्चों काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने में स्थानीय प्रशासन और पूजा कमिटी के सदस्यों के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

## कुम्हार टोली का भव्य पूजा पंडाल



गुमला (आजाद सिपाही)। लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार टोली के समीप लगने वाला आकर्षक पंडाल और कुम्हार टोली से गुमला सदर थाना तक सड़कों के दोनों किनारों की साज सज्जा मां भवानी संघ द्वारा किया जाता है। वर्ष 2003 से लगातार यहां पर भव्य पंडाल लगाकर मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित किया जाता है। श्रद्धालु काफी संख्या में यहां पर आकर मां दुर्गे का दर्शन करते हैं। इस संबंध में मुख्य पुजारी अमित कुमार पुरी ने बताया कि यहां की पूजा पद्धति बंगाली मिश्रित पूजा पद्धति है मुख्य रूप से दुर्गा पूजा बंगाल में की जाती है, इसलिए बंगाली पद्धति को लोग अत्यंत आस्था की नजरों से देखते हैं। लगभग दो लाख रुपए की लागत से यहां पर पंडाल लगाया जाता है, और मां की प्रतिमा स्थापित की जाती है। साथ ही साथ सप्तमी से लेकर नवमी तक लगातार भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## गुमला में सबसे पहले बंगाली क्लब में दुर्गा पूजा की हुई शुरुआत



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला में सबसे पहले बंगाली क्लब में दुर्गा पूजा की शुरुआत हुई। बंगाली क्लब का नाम बंगाली सनातनी क्लब था। और वर्ष 1921 से ही यहां दुर्गा पूजा शुरू की गयी थी। बंगाली क्लब ने 103 वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा के आयोजन का गौरव प्राप्त किया है। इस वर्ष भी दुर्गा पूजा में क्लब के अंदर ही मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गयी है बंगाली क्लब में महिलाओं ने डांडिया का भी भव्य आयोजन किया।

## भारतीय नवयुवक संघ का आकर्षक पूजा पंडाल



गुमला (आजाद सिपाही)।पटेल चौक यानी गुमला शहर का दिल, और यहां पर दुर्गा पूजा के अवसर पर लगाया गया भारतीय नवयुवक संघ का पंडाल। यह पंडाल वाकई श्रद्धांलुओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। वर्ष 2000 ई से शुरू हुई है। इस संघ के अध्यक्ष बबलू वर्मा हैं। इनके परिश्रम और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है कि पूरी टीम जी जान से जुड़ जाती है और इस उत्सव में गुमला वासियों की उमंगों को दुगना जकर देती है। सचिव आदित्य गुप्ता बताते हैं कि इस अवसर पर लगभग 7 लाख रुपये खर्च होते हैं।

## सड़क हादसे में अंचल कर्मी की मौत

बसिया(आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय के समीप प्रखंड कार्यालय गेट के पास खूंटी कोलेबिरा मुख्य पथ मे सड़क हादसे में अंचल कर्मी सतीश उरांव की दर्दनाक मौत होने से पूरे प्रखंड कार्यालय में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक गेट के समीप खूंटी कोलेबिरा मुख्य पथ पर ही सोमवार को एक भारी वाहन टेलर खराब होगई थीं जो रोड पर ही खड़ी थी,सोमवार रात्रि करीब 11:00 बजे अंचल कार्यालय बसिया के लिपिक के सतीश उरांव अपने बाइक से अपने निवास स्थल की ओर जा रहे थे तभी उन्होंने ट्रक के पीछे रखे बेरिकेटिग से टकराते हुए ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। मूल रूप से सिसई रेडवा निवासी सतीश उरांव की डेढ़ वर्ष पूर्व ही अंचल कर्मी के रूप में उन्हें नौकरी लगी थी और वर्तमान में बसिया अंचल में कार्यरत थे। सतीश का पहचान काफी मिलनसार ओर कर्तव्यपरायण कर्मी के रूप में थी। लोगों ने कहा की सड़क में जितने भी बेरिकेटिंग लगाया जाता है सभी में रेडियम पटी लगाया जाये।

पूर्व मध्य रेल


ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान:** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर खंड के बीच 2x25 KV ओएचई के फीडिंग व्यवस्था के लिए संबद्ध स्विचिंग पोस्ट के साथ ट्रैक्शन सब स्टेशन के डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशन के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। e-Tender No. EPC/PSI/NKE-RXL-SMI-DBG & SMI-MFP/ECR. **अनुमानित कार्य की लागत:** रु. 295,98,46,338.00 **बिड सिक्युरिटी की राशि:** रु. 1,00,00,000.00 **बिड–पूर्व सम्मेलन की तिथि और समय:** 21/10/2025 12:00 Hrs. and 10/11/2025 12:00 Hrs. **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 27/01/2026 15:00 Hrs. **वैबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे एवं मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण/उत्तर महेंद्रूघाट/पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गये किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर
पू.म.रे./महेंद्रूघाट/पटना

पीआर/1063/एसपीजे/टी/उ.मु.वि.अ./नि./उ./25–26/52



## बिहार में एसआइआर की फाइनल लिस्ट जारी

# 69 लाख नाम हटे 21 लाख नये जुड़े

### कुल मतदाओं की संख्या 7.42 करोड़ हो गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** चुनाव आयोग ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) की फाइनल लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी है। बिहार में अब कुल वोटर्स की संख्या 7.42 करोड़ हो गई है। फाइनल लिस्ट से 69 लाख नाम हटे हैं। 21.53 लाख नये नाम जुड़े हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से जो 65 लाख नाम कटे थे, उसमें 17 लाख नामों को लिस्ट में जोड़ा गया है।

फाइनल एसआइआर लिस्ट में पटना जिले में 1 लाख 63 हजार 600 मतदाता बढ़े हैं। पटना में पहले 46 लाख 51 हजार 694 मतदाता थे। फाइनल रोल में 48 लाख 15 हजार 694 मतदाताओं के नाम हैं। वहीं, सारण में 2 लाख 24 हजार 768 मतदाताओं का नाम कट गया है। पहले यहां 31 लाख 27 हजार 451 वोटर्स थे, जो अब घटकर 29 लाख 02 हजार 683 हो गये।

फाइनल वोटर लिस्ट को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। इसी के आधार पर बिहार में विधानसभा चुनाव होंगे। आयोग 6 अक्टूबर के बाद कभी भी बिहार चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से कहा गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण देख सकते हैं।

बताया जा रहा है कि प्रकाशित मतदाता सूची में बिहार के 7.24 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इतने मतदाताओं की ओर से अपना गणना फॉर्म भरकर जमा किया गया था। वहीं, दावा-आपत्ति के दौरान 16 लाख 58 हजार 886 पात्र नागरिकों ने फॉर्म-6 भरकर जमा कराया। चुनाव आयोग के अनुसार 36,475 मतदाताओं ने नाम जोड़ने के लिए दावा पेश किया, जबकि 2,17,049 मतदाताओं ने नाम हटाने के लिए आवेदन किये। हालांकि, फाइनल वोटर लिस्ट में मतदाताओं की कुल संख्या की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पायी है। वहीं, राज्य के करीब तीन लाख मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए जाने को लेकर नोटिस भेज कर जवाब मांगा गया। अंतिम मतदाता सूची में एसआइआर के दौरान मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किये गये हैं।

### बिहार चुनाव का एलान अगले सप्ताह संभव

**फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के बाद अब चुनाव आयोग बिहार में तैयारियों का जायजा लेने के लिए 4 और 5 अक्टूबर को पटना का दौरा करेगा। इसके बाद चुनाव की तारीखों का एलान किया जाएगा। अगले सप्ताह बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने की संभावना है। पहले चरण का मतदान दिवाली और छठ महापर्व के बाद अक्टूबर महीने के अंत में या फिर नवंबर के पहले सप्ताह में होगा। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है। इससे पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। इस बार भी 3 चरणों में मतदान की संभावना है।**

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा का लिया आशीर्वाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धनवार के सार्वजनिक दुर्गा पूजा, डोरंडा, घोड़थंबा, मनसाडीह, मुरना सहित गावा और तीसरी प्रखंड क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान श्री सिंह ने माता का दर्शन कर माथा टेका और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। साथ ही धनवार विधानसभा और राज्य की खुशहाली, शांति एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा महासमिति धनवार की ओर से श्री सिंह को चुनरी देकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि आज पूरा देश भक्ति मय है। दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एक जुटता का प्रतीक भी है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से शांति और भाईचारे के साथ पर्व को मनाने की अपील की। मौके पर धनवार मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, विजय कसेरा, शंभु रजक, अमित कुमार, उदय सिंह, रामचंद्र यादव, पवन सिंह, सुबोध राय सहित कई लोग मौजूद थे।

# रांची में डांडिया नाइट पर स्नेहा उल्लाल को दिया खास तोहफा



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में आयोजित भव्य डांडिया नाइट में बॉलीवुड एक्ट्रेस स्नेहा उल्लाल, जिन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म 'लकी' से डेब्यू किया था, मुख्य आकर्षण रहीं। इस अवसर पर रांची के प्रसिद्ध कलाकार मोहम्मद साबिर हुसैन ने उनका एक शानदार पोर्ट्रेट बना कर उपहार स्वरूप भेंट किया। स्नेहा उल्लाल इस खास तोहफे को पाकर बेहद खुश हुईं और उन्होंने साबिर हुसैन की कला प्रतिभा की खुल कर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह उपहार उनके लिए बहुत मूल्यवान है और वे इसे हमेशा संजोकर रखेंगी। इस मौके पर मौजूद दर्शकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकार का हौसला बढ़ाया। इस तरह डांडिया नाइट कला, संगीत और संस्कृति का संगम बन कर यादगार पल दे गया।




# पाकिस्तान के क्वेटा में बम ब्लास्ट,10 मरे, 32 घायल

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन के मुताबिक इसमें 10 लोगों की मौत हो गयी और 32 घायल हैं। मारे गये लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गयी और दीवारों में दरार आ गयी।

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**क्वेटा के सभी बड़े हॉस्पिटल में इमरजेंसी घोषित :** बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुताबिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गयी है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर शामिल हैं। सभी डॉक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।

**बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने आतंकी घटना बताया :** बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया। उन्होंने कहा, धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और चार आतंकियों को मार गिराया। हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

# रिलायंस इंफ्रा के खिलाफ महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में इडी की छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ फेमा जांच के तहत महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुंबई और इंदौर के महू में कम से कम छह परिसरों पर छापे मारे गये। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ की जा रही जांच का हिस्सा है। यह जांच विदेशों में अवैध तरीके से धन भेजने के आरोपों पर हो रही है। इडी पहले से ही धन शोधन के आपराधिक प्रावधानों के तहत रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आर इंफ्रा) समेत समूह की कंपनियों की ओर से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कथित वित्तीय अनियमितताओं और सामूहिक ऋण डायवर्जन की जांच कर रहा है। पीएमएलए के तहत एजेंसी की कार्रवाई सेबी की एक रिपोर्ट के बाद शुरू हुई। इसमें में आरोप लगाया गया था कि आर इंफ्रा ने सीएलई नामक कंपनी के जरिए रिलायंस समूह की कंपनियों को अंतर-कॉर्पोरेट जमा (आईसीडी) के रूप में धनराशि डायवर्ट की।













VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## आवश्यकता


आजाद सिपाही दैनिक अखबार
धनबाद के लिए कैमरामैन, एंकर एवं विज्ञापन के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
मासिक वेतन न्यूनतम 10,000/-
योग्यता अनुसार दिया जाएगा
संपर्क सूत्र : 6200085283, 9386849203












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**